“रुकावटें जिंदा इंसानों के नसीब में ही आती है, जनाजों के लिए तो सभी रास्ता छोड़ देते हैं। लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर सकारात्मक कर्म करते रहिए...”

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 170 ● कटनी ● शनिवार, 22 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास शुक्ल पक्ष 6 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935



टीम इंडिया में कभी ... पेज 7

**आज का मौसम**

आज सुबह का तापमान 25.9 डिसे

दोपहर 12 बजे तक 30. डिसे

हल्की बारिश के आसार

## जोधपुर में तेज बारिश में बाइक संग युवक बहा, महाराष्ट्र-गुजरात में बारिश का अलर्ट

# करगिल-उत्तरकाशी में बादल फटा, लैंडस्लाइड में दबी गाड़ियां

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

उत्तरकाशी और करगिल में देर रात बादल फटा है। यमुनोत्री हाईवे पर लैंडस्लाइड हो गया। कई गाड़ियां दब गई। वहीं स्कूलों में भी मलबा जमा हो गया। बच्चों को सुरक्षित निकाल लिया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, पौडी और नैनीताल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। SDRF और फायर ब्रिगेड की टीम तैनात की गई हैं। उधर राजस्थान के जोधपुर और बीकानेर में भारी बारिश हुई है। जोधपुर की एक गली में पानी के तेज बहाव में बाइक, स्कूटी और सवार बह गए। यहां 2 घंटे में 66.8 एमएम बारिश हुई। महाराष्ट्र के पालघर, मुंबई, ठाणे, रायगढ़ और रत्नागिरी में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। रायगढ़ के इर्शालवाडी में लैंडस्लाइड से मरने वालों की संख्या 22 हो गई है, वहीं 86 लोग लापता हैं।दिल्ली में एक बार फिर यमुना का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। हिमाचल में भी 22 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान है। ओडिशा के 15 जिलों में अगले 24 घंटे भारी बारिश का अलर्ट है।





### कई गांव का संपर्क टूट गया

पौड़ी के थलीसैंण में शुक्रवार शाम बादल फट गया. इससे मलबा सड़कों पर आ गया. रास्ते बाधित हो गए. इसके अलावा यमुनोत्री और बदरीनाथ मार्ग को भी बंद कर दिया गया. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 85 से ज्यादा संपर्क मार्ग मलबा आने से बंद हो गए हैं. इसके अलावा 200 से ज्यादा गांवों का संपर्क टूट गया है. वहीं चमोली में पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग 109 गैरसैंण से कर्णप्रयाग के बीच में कालीमाटी में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके बाद यहां आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है. वहीं भारी लैंडस्लाइड होने के कारण हल्द्वानी-नैनीताल नेशनल हाइवे बंद हो गया है।



### हरिद्वार में उफान पर गंगा

पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश और श्रीनगर बांध से छोड़े गए पानी के चलते गंगा का जलस्तर लगातार खतरे के निशान को चूम रहा है. हरिद्वार जिले का एक बड़ा इलाका पानी-पानी नजर आ रहा है. गंगा का बढ़ता जलस्तर लोगों को डरा रहा है. गंगा फिलहाल हरिद्वार में खतरे के निशान से एक मीटर नीचे है लेकिन हरिद्वार के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल चुका है. गंगा में सहायक नदियों से लगातार पानी आ रहा है. इसी को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम को अलर्ट पर रखा गया है.

## महाकाल मंदिर में घुसा पानी, उज्जैन के स्कूलों में आज अवकाश

उज्जैन में भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। महाकाल मंदिर के गणेश और नंदी मंडपम में बारिश का पानी भर गया। शनिवार को भी भारी बारिश के अलर्ट के कारण उज्जैन कलेक्टर ने नर्सरी से 12वीं तक के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल्स में अवकाश घोषित किया है। गंभीर नदी में लगातार पानी बढ़ रहा है। गंभीर बांध के गेट नंबर-3 को 50 सेंटीमीटर खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है।खराब मौसम के कारण रात दिल्ली - भोपाल की इंडिगो फ्लाइट इंदौर डायवर्ट करना पड़ी। इस फ्लाइट से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भोपाल आ रहे थे। वे दिल्ली से शाम 7.40 बजे इंडिगो की फ्लाइट से भोपाल के लिए रवाना हुए थे। इंदौर पहुंचने पर बाय रोड भोपाल आए।मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। 39 जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि बंगाल की खाड़ी, नॉर्थ आंध्र प्रदेश, साउथ ओडिशा पोस्ट पर सिस्टम एक्टिव हैं। इनका असर मध्यप्रदेश में भी है। साउथ छत्तीसगढ़ में साइक्लोनिक सर्कुलेशन है। एक मानसून ट्रफ लाइन कोटा, रायसेन, सिवनी, रायपुर, ओडिशा होते हुए गुजर हो रही है। पूर्वी-पश्चिमी हवाएं भी आपस में मिल रही हैं। इस कारण दक्षिण मध्यप्रदेश से लगे इलाकों में इसका असर है। इन सभी सिस्टम की वजह से प्रदेश में बारिश का दौर जारी है।



## 13 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

### 24 घंटे में कैसा रहा मानसून

भोपाल में भी देर रात गरज - चमक के साथ तेज बारिश हुई। कोलार डैम के दो गेट खोले गए। हरदा में पहाड़ी नदी स्यानी उफान पर है। जिले की सिराली तहसील के पहटकला गांव में नदी किनारे बना श्याम सिंह बाबा मंदिर डूब गया। इसका केवल शिखर दिखाई दे रहा है। तेज बारिश होने से सीहोर के कोलार डैम के 2 गेट खोल दिए गए हैं। नर्मदापुरम में तेज हवा के कारण पेड़ गिर गया। इसके नीचे दबकर एक महिला की मौत हो गई। पिपरिया में एक कार नदी के तेज बहाव में बह गई। कार सवार एक युवक लापता हो गया। सीहोर जिले के इछावर में निचले इलाकों में पानी भर गया। 45 गांव का संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है। पार्वती, सीप और कोलार नदी उफान पर आ गई। इंदौर-भोपाल सड़क मार्ग कुछ समय के लिए बंद रहा।

## » न्यूज गैलरी

### नासा का मार्स हेलीकॉप्टर मंगल ग्रह पर नई उड़ान भरेगा

लॉस एंजिल्स ● एजेंसी
yashbharat.co.in

नासा के मार्स हेलीकॉप्टर की शनिवार को मंगल ग्रह (रेड प्लानेट) पर एक नई उड़ान भरने की उम्मीद है। एजेंसी ने यह जानकारी दी है। नासा एजेंसी के अनुसार हेलीकॉप्टर को अपनी नई उड़ान में 10 मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने और 203 मीटर की यात्रा करने के लिए लगभग 137 सेकंड लेने की उम्मीद है। जो मंगल ग्रह पर यह 53वीं उड़ान है। इनजेन्युटी मार्स हेलीकॉप्टर 18 फरवरी, 2021 को मंगल ग्रह के जेज़ेरो क्रेटर पर पहुंचा, जो नासा के पर्सविरंस रोवर से जुड़ा हुआ था। यह हेलीकॉप्टर पहली बार किसी अन्य ग्रह पर संचालित उड़ान का परीक्षण करने के लिए टेक्नोलॉजी प्रदर्शन पर जा रहा है। नासा के अनुसार हेलीकॉप्टर को एक बार में लगभग 300 मीटर की दूरी और सतह से लगभग तीन से 4.5 मीटर की दूरी 90 सेकंड में उड़ान भरने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

### सीमा हैदर और सचिन की तबीयत बिगड़ी

नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

सीमा हैदर और सचिन मीणा की तबीयत बिगड़ गई है. दोनों घर पर हैं, उन्हें ग्लूकोज चढ़ाया जा रहा है. बताया जा रहा है कि सीमा से मिलने के लिए एक वकील घर पर पहुंचे हैं. बता दें कि सीमा और सचिन दोनों से यूपी एटीएस पूछताछ कर चुकी है. इसके बाद जब दोनों घर पहुंचे तो पुलिस की मौजूदगी में कल दोनों ने मीडिया से बात की थी। यूपी एटीएस के सवालों के जवाब में सीमा हैदर ने कहा है कि उसने कोई भी बात छिपाई नहीं. सब सच-सच बताया है. सीमा ने कहा कि वो सिर्फ अपने प्यार के लिए बगैर वीजा भारत आई है।

## मणिपुर के दरिंदों की धरपकड़ जारी, गिरफ्त में एक और आरोपी



नई दिल्ली ● एजेंसी
yashbharat.co.in

मणिपुर में दो महिलाओं को नग्न घुमाने के भयावह मामले में मणिपुर पुलिस ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। वायरल वीडियो में देखे जा रहे एक दर्जन संदिग्धों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर छापेमारी जारी है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा है कि वह व्यक्तिगत रूप से तलाशी अभियान

### बड़े स्तर पर चल रहा तलाशी अभियान

की निगरानी कर रहे हैं। मामले में संलिप्तता को लेकर मुख्य आरोपी हुइरेम हीरोदास मैतेई समेत चार अन्य को कल तक गिरफ्तार कर लिया गया। अब इस कड़ी में एक और आरोपी गिरफ्तार किया गया है। इस बीच पेची गांव की महिलाओं ने कल एक संदिग्ध के घर में आग लगा दी थी। राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के लोग महिलाओं का सम्मान करते हैं और उन्हें 'माता के समान' मानते हैं, लेकिन जिन उपद्रवियों ने मई में आदिवासी महिलाओं पर हमला कर उन्हें निर्वस्त्र किया, उन्होंने राज्य की 'छवि को धूमिल' किया है। सिंह ने कहा, ''मणिपुर के लोग महिलाओं को माता के समान मानते हैं, लेकिन कुछ बदमाशों ने यह हरकत की तथा हमारी छवि को धूमिल किया। हमने इस घटना की निंदा करने के लिए राज्यभर में घाटी एवं पहाड़ी दोनों ही क्षेत्रों में विरोध का आह्वान किया हैं।

### चारों आरोपी 11 दिन की पुलिस हिरासत में

इससे पहले मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटना को लेकर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन तेज होने के बीच इस मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि थोउबल जिले की एक अदालत ने चारों आरोपियों को 31 जुलाई तक के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया है। मणिपुर में लगभग एक हजार लोगों की हथियारबंद भीड़ ने कांगपोकपी जिले के एक गांव पर हमला किया और मकानों में लूटपाट की, उनमें आग लगाई, हत्या की तथा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया। इन महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का वीडियो सामने आने के बाद पूरा देश आक्रोशित है और घटना के विरोध में जगह जगह प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इस मामले में 21 जून को एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसमें आदिवासी महिलाओं के अपहरण और उनसे शर्मनाक बर्ताव से पहले हुए जुल्म की दास्तां का उल्लेख है।

## एक परमाणु हमला करेंगे, पूरे उत्तर कोरियाई शासन का अंत हो जाएगा

### किम जोंग को सबसे बड़ी धमकी

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

दक्षिण कोरिया ने अपने पड़ोसी देश उत्तर कोरिया को बड़ी चेतावनी दी है। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह एक परमाणु हमला करेगा और किम जोंग उन के नेतृत्व वाले पूरे शासन का च्अंतज्ञ् हो जाएगा। योनहाप समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया की चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी परमाणु-सक्षम पनडुब्बी उसके यहां तैनात की गई है। दक्षिण कोरिया से पहले किम जोंग उन ने धमकी देते हुए कहा था कि यहां अमेरिकी परमाणु-सक्षम पनडुब्बी और अन्य रणनीतिक हथियारों की तैनाती का मतलब है कि उनका देश भी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कांग सुन-नाम ने पिछले दिन दक्षिण कोरिया में 18,750 टन की अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी के आगमन पर तीखे प्रतिक्रिया दी थी। साथ ही इसने इस सप्ताह दक्षिण कोरिया-अमेरिका परमाणु सलाहकार समूह (एनसीजी) की उद्घाटन बैठक की भी आलोचना की थी।

#### कोम जोंग उन प्रशासन भड़का

अमेरिका ने अपने मित्र देश दक्षिण कोरिया में 18,750 टन की ओहियो श्रेणी की परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) यूएसएस केंटकी भेजी है। इससे कोम जोंग उन प्रशासन भड़का हुआ है। उत्तर कोरिया चेतावनी दे रहा है। उत्तर कोरिया के बाद अब दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने फिर से चेतावनी जारी की है। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा, दक्षिण कोरिया-अमेरिका गठबंधन के खिलाफ अगर



उत्तर कोरिया परमाणु हमले करता है तो हम तत्काल, जबरदस्त और निर्णायक प्रतिक्रिया देंगे। (हम) फिर से चेतावनी देते हैं कि एक परमाणु हमला करेंगे और पूरे उत्तर कोरियाई शासन का अंत हो जाएगा।

#### क्यों खास है यूएसएस केंटुकी पनडुब्बी?

यूएसएस केंटुकी पनडुब्बी मंगलवार को दक्षिणपूर्वी बंदरगाह शहर बुसान पहुंची थी। ओहियो क्लास की यूएसएस केंटकी पर उत्तर कोरिया के पूरे शस्त्रागार से अधिक परमाणु हथियार तैनात हैं। यह पनडुब्बी परमाणु शक्ति संचालित है। यह पनडुब्बी 20 ट्राइडेंट II डी-5 बैलिस्टिक मिसाइल से लैस है। ट्राइडेंट-II परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल की अधिकतम रेंज लगभग 12,000 किमी तक है। इस पनडुब्बी की लंबाई 560 फीट और डिस्प्लेसमेंट 18,750 टन है। इसी परमाणु पनडुब्बी पर सवार होने के बाद दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ने कहा कि इसकी तैनाती हमारी विस्तारित निरोध क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया की इच्छा को दर्शाती है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सोक योल की यूएसएस केंटुकी की यात्रा, अमेरिका के सहयोगी देश के किसी राष्ट्र प्रमुख का पहला दौरा है।

## हाईकोर्ट में 75 फीसदी जज जनरल कैटिगरी से बने

### 5 साल का है आंकड़ा, ओवैसी ने पूछा था सवाल

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

साल 2018 से 17 जुलाई 2023 तक हाईकोर्ट में 604 जज नियुक्त किए गए हैं। इनमें से 458 जज च्जनरलज् कैटिगरी के हैं। यह खुलासा संसद में केंद्रीय कानून एवं न्याय व संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने किया। मेघवाल संसद सदस्य और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी के सवाल का जवाब दे रहे थे। ओवैसी ने हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति में कमजोर वर्गों के असमान प्रतिनिधित्व को लेकर सवाल पूछा था। ओवैसी ने पूछा था, क्या यह सच है कि सभी हाईकोर्ट में पिछले पांच वर्षों के दौरान नियुक्त किए गए 79 प्रतिशत जज ऊंची जातियों से थे जो पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के असमान प्रतिनिधित्व का संकेत देते हैं? इस पर मेघवाल ने लोकसभा को बताया कि पिछले पांच वर्षों में नियुक्त 604 हाईकोर्ट के जजों में से 72 अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) कैटिगरी के हैं, 18 अनुसूचित जाति (SC) कैटिगरी के हैं, और केवल नौ अनुसूचित जनजाति (ST) कैटिगरी के हैं।

## देश के आयुध कारखानों में प्रतिनियुक्ति में एक वर्ष की वृद्धि के संकेत


### 1 अक्टूबर को दो साल पूरे हो रहे निगमीकरण पर रक्षामंत्री कर सकते हैं घोषणा




जबलपुर ● यशभारत
yashbharat.co.in

देश भर में फैली 48 आयुध निर्माणियों का निगमीकरण होने के बाद सात निगमों में विभाजित होने और उनके दो वर्ष पूरे होने के बाद इन निगमों में कार्यरत सुरक्षा कर्मचारियों को दो वर्ष के लिए मानित प्रतिनियुक्ति पर रक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया था। आगामी 30 सितंबर को आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति अवधि पूरी होने जा रही है । इसको लेकर कर्मचारियों में उत्सुकता और जिज्ञासा का वातावरण बना हुआ है।इसी बीच सोशल मीडिया पर वायरल हुए मेसेज में बताया गया कि रक्षामंत्री ने सुरक्षा निर्माणियों की प्रतिनियुक्ति में एक वर्ष की वृद्धि कर सकते हैं। इस संबंध में बीपीएमएस के राष्ट्रीय महासचिव मुकेश सिंह ने बताया कि रक्षामंत्री ने भेंट के दौरान यह जानकारी दी है। श्री सिंह ने कहा कि उन्हें रक्षामंत्रालय से अवगत कराया कि रक्षामंत्री ने डीम्ड डेपुटेशन एक साल बढ़ा सकते हैं। वहीं आईएनडीडब्लूएफ की ओर से कोई अधिकृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। दूसरी ओर एआईडीईएफ के संयुक्त सचिव रविंद्र रेड्डी ने रक्षामंत्री के फैसले से असहमति जताई है। एआईडीईएफ द्वारा जारी परिपत्र में कहा गया है कि ज्ञात हुआ है कि सोशल मीडिया पर एक संदेश प्रसारित किया गया है कि आयुध निर्माणियों के कर्मचारियों की मानी गई प्रतिनियुक्ति को 01अक्टूबर2023 से एक वर्ष की अवधि के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि कैबिनेट के निर्णय के अनुसार यदि कर्मचारियों से कोई विकल्प नहीं मांगा गया तो सरकार द्वारा मानी गई प्रतिनियुक्ति अवधि को बढ़ाना होगा। इसलिए इस पर खुश होने की कोई बात नहीं है.। इस संबंध में स्थिति बहुत स्पष्ट है हमने पहले ही रक्षा मंत्रालय को लिखित रूप में सूचित कर दिया है, जैसा कि आयुध कारखानों के निगमीकरण के खिलाफ एआईडीईएफ द्वारा दायर मामले में माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष भारत सरकार द्वारा लिखित रूप में आश्वासन दिया गया था, सरकार को एक अधिसूचना प्रकाशित करनी चाहिए कि सभी कर्मचारी जो 7 आयुध निर्माणी निगमों के साथ प्रतिनियुक्ति पर हैं, वे केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए उपलब्ध सभी लाभों के साथ सेवा से उनकी सेवानिवृत्ति / सेवानिवृत्ति तक केंद्र सरकार के कर्मचारी / रक्षा नागरिक कर्मचारी बने रहेंगे।

## दिल्ली की बंगाली मार्केट मस्जिद और तकिया बब्बर शाह को रेलवे का नोटिस...15 दिन के अंदर हटा लें


NOTICE

नई दिल्ली ● ईएमएस
yashbharat.co.in

रेलवे ने दिल्ली की दो बड़ी मस्जिदों बंगाली मार्केट और आईटीओ स्थित तकिया बब्बर शाह को नोटिस दिया है. रेलवे ने नोटिस में दोनों मस्जिद प्रशासन को 15 दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने के लिए कहा है. वरना एक्शन लेने की चेतावनी भी दी है. रेलवे ने जो नोटिस जारी किया है, उसमें कहा- 15 दिन के अंदर अतिक्रमण हटा लें, वरना आकर हटाएंगे. वहीं, मस्जिद कमेटी का कहना है कि ये सैकड़ों साल पुरानी है. लेकिन रेलवे कह रहा है ये उनकी जमीन पर बनी है। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से ये नोटिस जारी किया गया है. इसमें लिखा है- रेलवे भूमि को अनाधिकृत रूप से अतिक्रमित किया हुआ है. आप लोग अनाधिकृत रूप से रेलवे की जमीन पर बने अनाधिकृति भवन/मंदिर/मस्जिद/मजार को इस सूचना के 15 दिन के अंदर स्वेच्छा से हटा दें, अन्यथा रेलवे प्रशासन एक्शन लेगा. रेलवे अधिनियम के प्रावधान के तहत अनाधिकृत कब्जे को हटा दिया जाएगा. इस प्रक्रिया में होने वाले नुकसान के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे. रेलवे प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं होगी.। स्जिद तकिया बब्बर शाह के सेक्रटरी अब्दुल गफ्फार के मुताबिक, ये मस्जिद करीब 400 साल पुरानी है. इसी मस्जिद के बगल में बने एमसीडी के मलेरिया दफ्तर को भी रेलवे ने खाली करने का नोटिस दिया है. यहां नोटिस चस्पा कर दिया गया है।

**सौगात** | मुख्यमंत्री गाडरवारा, नरसिंहपुर में विकास पर्व में शामिल हुए

## प्रदेश में हर व्यक्ति की जिंदगी बेहतर बनाने के लिये प्राण-प्रण से प्रयास



भोपाल ● यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मैं प्रदेश में हर व्यक्ति की जिंदगी बेहतर बनाने के लिये प्राण-प्रण से प्रयास कर रहा हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिये भगवान का वरदान हैं। उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ाई है। आज चारों ओर विकास और जन-कल्याण के कार्य हो रहे हैं। एक परिवार की तरह सरकार चल रही है, जिसमें हर सदस्य का पूरा ध्यान रखा जाता है। समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिये कार्य किये जा रहे हैं। हर शासकीय कर्मचारी की बेहतरी का ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ ही सहायिकाओं का भी मानदेय बढ़ाया गया है। शीघ्र ही अतिथि शिक्षकों और आशा बहनों की समस्याओं के समाधान के लिये भी सम्मेलन बुलाया जायेगा। रसोइया बहनों का भी ध्यान रखा जायेगा।

### बहन ललिता के घर पहुँच कर चाय पी

मुख्यमंत्री श्री चौहान गाडरवारा में जनदर्शन के दौरान विवेकानंद वार्ड निवासी श्रीमती ललिता बाई के घर पहुँचे। चर्चा में श्रीमती ललिता ने बताया कि उनके पति और बड़े बेटे की मृत्यु हो चुकी है। घर कच्चा है और परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें घर बनाने के लिये तत्काल ढाई लाख की सहायता राशि का चेक सौंपा। श्रीमती ललिता बाई ने कहा कि च्आज भैया शिवराज ने मुझे जो स्नेह दिया है, वह मैं कभी भी भूल नहीं सकती।ज्ज उन्होंने श्री चौहान को आत्मीयता से चाय पिलाई। बहन का अपने प्रति स्नेह देख मुख्यमंत्री श्री चौहान भाव-विभोर हो गये। जन-दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान निरंजन वार्ड में नेत्रहीन बालिका संतोष मेहरा से मिले। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उसे स्वेच्छानुदान से 50 हजार रूपये की राशि प्रदान की और अधिकारियों को निर्देश दिये कि उसकी आँखों की जाँच करवा कर हर संभव इलाज कराया जाये। वे श्रीमती सरस्वती सोनझरिया और अन्य बहनों से भी मिले। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी जो भी समस्या होगी उसका त्वरित निराकरण किया जायेगा।

*विधायक संजय पाठक के मन में यह विचार क्यों आया? तो इस बारे में एक बार फिर मीडिया से मुखातिब होते हुए उन्होंने इस निर्णय के बारे में जानकारी देते कहा कि वह स्वयं तथा उनके पूज्य पिता श्री सत्येंद्र पाठक ने विजयराघवगढ़ विधानसभा में जिस तरह से सेवा की है जनता से जानना जरूरी है कि उन्हें क्षेत्र की जनता कितना स्नेह करती है। पिता की विरासत और सेवाभाव को आगे बढ़ाते हुए वह कर्तव्य पथ पर चल रहे हैं जनता का निर्णय शिरोधार्य रहता है। यह मन की आवाज और स्वयं की अभिव्यक्ति है। जिस पर अब जनता को फैसला करना है।*

## विकास पर्व के अंतर्गत 1 करोड़ 30 लाख से अधिक के कई जनहित के कार्य

# विधायक संजय पाठक के प्रयास से विजयराघवगढ़ में करोड़ों के विकास कार्य

**कटनी, यशभारत।** विधायक संजय पाठक ने गत दिवस विजयराघवगढ़ के जमुवानीकलां, खिरवा न 2, पडरैही, जमुवानी खुर्द में विकास पर्व के अंतर्गत 1 करोड़ 30 लाख सेअधिक राशि के विकास कार्यों जिनमें उपस्वास्थ केंद्र, सड़कों, बाउंड्री वॉल, आंगनवाड़ी केन्द्र का भूमिपूजन लोकार्पण किया। इस दौरान एक बार फिर उन्होंने ऐलान किया कि विजयराघवगढ़ की जनता के 51 फीसद मत पर ही वह चुनाव लड़ेंगे। देश मे अकेले ऐसे विधायक हैं जिन्होंने यह घोषणा की है। विधायक श्री पाठक ने सभी गांवों में जनता जनार्दन से संवाद करते हुए उनके कार्यो समस्याओं को सुना एवं कार्यक्रम स्थल पर ही अधिकारियों तत्काल लोगों की समस्याओं को संतुष्ट करते हुए हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने संवाद करते हुए कहा कि जब जब आपके गांव आता हूं विकास की उपलब्धियां देता हूं मेरी एवं हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न रहे और उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि मैं अपने आप को विधायक नही मानता बल्कि क्षेत्र की जनता का प्रधान सेवक मानता हूं उनकी जितनी सेवा चाहें शासन के सहयोग से या स्वयं के पास से कर सकूं करता हूं गरीब जरूरत मंद की सेवा करने की शिक्षा ही मुझे मिली है। हमारी सरकार की प्राथमिकता जनकल्याण कि नीति पर चलते हुए गरीब से गरीब व्यक्ति का कल्याण हमारा एक ही उदेशय है लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या न रहे और उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए। मेरे लिए चुनाव जीतना ही नहीं जनता का दिल जीतना भी महत्वपूर्ण, श्री पाठक ने कहा कि जनता की सेवा और विधानसभा का विकास ही उनके लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण और यही श्रेष्ठ कार्य है। उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति का उद्देश्य ही समाजसेवा है। समाजसेवा में अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ उसकी समस्या दुख का अंत ही उन्हें सुकून देता है।





### 51 फीसदी जनता का विश्वास क्यों जरूरी, यह विचार काफी दिनों से मन मे था

चुनाव जीतना आसान है किंतु लोगों का दिल जीतना महत्वपूर्ण होता है। क्या इतनी सेवा क्षेत्र के विकास के बाद क्षेत्र की जनता का वह दिल जीत पाए ? यह सवाल विगत लम्बे समय से मन में उठ रहा था इसी के बाद यह फैसला लिया कि वह अपने व्यक्तिगत सर्वे कराकर बकायदा लोगों से मत मांगेंगे जिसमे सिर्फ दो ही प्रश्न होंगे कि विजयराघवगढ़ की जनता उन्हें पुनः सेवा का अवसर देने का आदेश देती है या नहीं। श्री पाठक ने कहा कि एक पर्ची में यह स्वाल जन जन से पूछा जाएगा इसके बाद इन पर्चियों की गिनती की जाएगी। पूरी निष्पक्षता के साथ इसे जनता के समक्ष रखा जाएगा श्री पाठक ने कहा कि 51 फीसदी से एक मत भी उन्हें कम मिला तो वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। इस दौरान विजयराघवगढ़ अध्यक्ष श्रीमती सुधा कोल, उपाध्यक्ष श्री उदयराज सिंह चौहान, श्रीमती करिश्मा नमईया कोल, रंगलाल पटेल, नवाब खान, अंकुर गौवर, मनीष देव मिश्रा, देवराज सिंह परिहार, जगदीश पटेल, सुशील पटेल, राजेश कोल, सुरेंद्र प्यासी, गुलाम खान, वृंदावन पटेल के साथ ही बड़ी संख्या में जनता जनार्दन की उपस्थित रही।

# आयुध निर्माणी कटनी में 1072 करोड़ की स्क्रेप धोखाधड़ी पर प्रबंधन ने रखा अपना पक्ष

**कटनी, यशभारत।** 'आयुध निर्माणी कटनी में 1072 करोड़ की स्क्रेप धोखाधड़ी, ठेका कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज, के संबंध में आज निर्माणी की ओर से जानकारी दी गई तथा पूरी घटना को लेकर स्पष्टीकरण दिया गया है। निर्माणी के पीआरओ भावेश दुबे की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार आयुध निर्माणी प्रबंधन ने इस मामले में यह स्पष्ट किया है कि समाचार पत्रों और डिजिटल मीडिया प्लेट्फार्म पर प्रकाशित खबरों में कई बातें भ्रामक और मिथ्या हैं निर्माणी प्रशासन द्वारा सरकारी एजेंसियों के मार्गदर्शन पर नियमानुसार मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई हेतु 24 मई 2023 को एसपी, कटनी से शिकायत के बाद पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच के उपरांत 18 जुलाई 2023 को माधव नगर थाना, कटनी में ठेका कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। विभिन्न खबरों में उल्लिखित बातों के संबंध में निर्माणी प्रबंधन बिन्दुवार अपना पक्ष रखा है। जिसमें कहा गया कि कथित ठेका कंपनी (मेसर्स, आरसीआईआईटीएल) नई दिल्ली ने अनुबंध की नियम व शर्तों के तहत निर्माणी से स्क्रेप मटेरियल उठाया था, जिसके बदले उसे स्क्रेप को स्ट्रिप कवाईल (पट्टियां) के रूप में बदलकर सप्लाई करना था न कि कारतूस के खोखे बनाकर, जैसा कि खबर में लिखा गया है। यूरो एक्जिम बैंक, सेंट लुसिया, वेस्टइंडीज के दिवालिया होने का कोई समाचार प्राप्त नहीं हुआ है बल्कि ठेका कंपनी (मेसर्स, आरसीआईआईटीएल) दिवालिया हुई है। माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), नई दिल्ली के आदेश दिनांक 25-11-2022 के तहत नियुक्त इंटिरियम रेज्यूल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी) ने आरसीआईआईटीएल प्रबंधन की कमान अपने हाथों में ले ली है। आईबीसी 2016 (दीवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता 2016/इसालवेंसी एन्ड बैंक्रप्ट्सी कोड 2016) के प्रावधानों के अतंर्गत वर्तमान में, आरसीआईआईटीएल सीआईआरपी प्रक्रिया के अधीन है। 23 दिसंबर 2022 को ठेका कंपनी के व्यक्तियों के कटनी आने की बात पूरी तरह से निराधार और मनगढ़ंत है। जीएम (गिल्डिंग मेटल) स्क्रेप 19 मार्च 2022 से 18 जुलाई 2023 के बीच एक साल के अंतराल से गायब होने की खबर सत्य नहीं है।



5. यह मटेरियल की चोरी, घोटाला या गायब होने का विषय नहीं है बल्कि अनुबंध की शर्तों के अनुसार स्क्रेप को कवाईल (पट्टियां) में बदलकर वापस नहीं लौटाने, तथ्यों को जानबूझकर छिपाने, धोखाधड़ी और सरकारी संपत्ति के अपयोजन का मामला है। तत्संबंध में एफआईआर दर्ज कराई गई है। ठेका कंपनी (मेसर्स, आरसीआईआईटीएल) के दिसंबर 2022 में दिवालिया होने की जानकारी के साथ ही निर्माणी द्वारा निर्दिष्ट दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रक्रिया के तहत रिकवरी के लिए सतत प्रयास किए जा रहे थे। 24 नवम्बर 2022 से 24 मई 2023 तक के 180 दिनों की एनसीएलटी मोरेटोरियम अवधि के दौरान समानांतर स्तर पर मामले के समाधान हेतु किए जा रहे प्रयासों में जमा बैंक गारंटी को जब्त करने के लिए संबंधित बैंक के साथ एवं ठेका कंपनी से लगातार पत्र-व्यवहार किया गया। माननीय नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी), नई दिल्ली द्वारा नियुक्त इंटिरियम रेज्यूल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी) के साथ समुचित स्तर से मार्गदर्शन लेकर मामले के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। विभिन्न सरकारी एजेंसियों, माननीय म?प्र? उच्च न्यायालय, जबलपुर, स्थित भारत सरकार के डिप्टी सालिसिटर जनरल की कानूनी सलाह अनुसार और विधि और न्याय मंत्रालय, विधिक मामले, ब्रांच सचिवालय, मुंबई के मार्गदर्शन पर ठेका कंपनी के विरूद्ध एफआईआर एवं उचित कार्रवाई की गई है। सीआईआरपी की प्रक्रिया के अनुसार माननीय नेशनल कंपनी ला ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) नई दिल्ली द्वारा नियुक्त इंटिरियम रेज्यूल्यूशन प्रोफेशनल (आईआरपी) ने दिनांक 20 मई 2023 को आयुध निर्माणी कटनी के 143?07 मिट्रिक टन गिल्डिंग मेटल के बदले में कुल रू? 10?73 करोड़ के दावे को दीवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता 2016 (इसालवेंसी एन्ड बैंक्रप्ट्सी कोड 2016) के तहत स्वीकार किया है। जहां तक मामले को लेकर राष्ट्रीय संगठन मंत्री, बीपीएमएस के हवाले से कहा गया है कि उनकी शिकायत के बाद मामले ने गति पकड़ी तथा एफआईआर हुई। यहां उल्लिखित पहलुओं से स्पष्ट है कि इस मामले में एफआईआर और आवश्यक कार्रवाई किए जाने की प्रक्रिया शिकायत किए जाने के काफी पहले शुरू की जा चुकी थी।

नि:शुल्क
नेत्र परिक्षण शिविर

## माहेश्वरी समाज का नेत्र शिविर 23 जुलाई से

**कटनी यशभारत।** माहेश्वरी समाज कटनी के द्वारा संचालित नेत्र परीक्षण एवं निदान का मासिक शिविर आगामी 23 जुलाई 2023 से प्रारंभ होकर निरंतर हर माह की 23 तारीख को स्थानीय हनुमानगंज स्थित श्री रामनाथ गट्टानी मंगल भवन मे आयोजित किया जा रहा है। शिविर मे नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण निःशुल्क किया जा रहा है। शिविर मे सद्गुरु सेवा संस्थान चित्रकूट के डॉक्टर और सहयोगी स्टाफ आकर जाँच करेंगे। जाँच के उपरान्त चिन्हित रोगियो को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट भेजा जावेगा, जहाँ से उपचार उपरान्त 26 तारीख को मरीज वापस आवेंगे। चित्रकूट आने जाने और भोजन की पूरी व्यवस्था निःशुल्क है। नगरवासियों से अपेक्षा है- अपने परिवार और संपर्क क्षेत्र के लोगो को सूचित कर शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## मेहड़ दरबार साहिब में पूरे एक महीने विभिन्न अनुष्ठानों, कथाओं के आयोजन होंगे



**कटनी, यशभारत।** 18 जुलाई से 18 अगस्त श्री पुरूषोत्तम (धर्माऊ, अधिक) माह के शुभ अवसर पर पूज्य श्री मेहड दरबार साहिब में पूरे एक महीने विभिन्न अनुष्ठानों, कथाओं का सतगुरु जी की कृपा से आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार 18 जुलाई मंगलवार शाम 5 बजे श्री सुखमनी साहिब का पाठ। दिनांक 19 जुलाई बुधवार चंण्ड्र, भंडारा साहिब दिनांक 19 जुलाई बुधवार से 21 जुलाई शुक्रवार तक शाम 5 बजे से तीन दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का भव्यता से आयोजन हो रहा है कथा का रसपान सुश्री रूची देवी द्वारा। दिनांक 22 जुलाई शनिवार सुबह 11 बजे श्री रामायण का पाठ शुभारंभ दिनांक 30 जुलाई रविवार शाम 5 बजे भोग। दिनांक 31 जुलाई सोमवार सुबह 11 बजे से श्री मद्भागवत पुराण कथा का शुभारंभ दिनांक 8 अगस्त मंगलवार शाम 5 बजे भोग। दिनांक 9 अगस्त बुधवार से 11 अगस्त शुक्रवार शाम 5 बजे तीन दिवसीय श्री सुखमनी पाठ। दिनांक 12 अगस्त शनिवार सुबह 11 बजे श्री साप्ताहिक पाठ साहिब का शुभारंभ दिनांक 18 अगस्त शुक्रवार शाम 5 बजे भोग साहिब, भंडारा साहिब। दिनांक 18 अगस्त शुक्रवार चंण्ड्र में सभी सपरिवार अवश्य पधारकर आनंद प्राप्त कर सतगुरु भगवान की आशीष प्राप्त करें यह अनुरोध किया गया है।



सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

बजाज इंडस्ट्रीज

पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी मो. 8889696888

## शक्कर कारोबारी से सवा दो करोड़ की ठगी

### पेट्रोल पंप दिलाने के नाम पर आरोपियों ने लगाया चूना


**कटनी, यशभारत।** पेट्रोल पंप खुलवाने के नाम पर शहर के एक कारोबारी से 2 करोड़ 15 लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। कारोबारी करीब ढाई वर्षों से ऑनलाइन जालसाजों के खातों में रकम ट्रांसफार्मर कर रहा था। लंबे समय तक रुपए देने के बाद भी कारोबारी को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ और वह कोतवाली थाना शिकायत लेकर पहुंचे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है। कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि रघुनाथगंज सराफा बाजार मनोज कुमार द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है। मनोज शक्कर कारोबारी है। शिकायत में बताया गया है कि करीब ढाई वर्ष पहले उनके पास फोन आया था। उन्हें रिलायंस कंपनी का पेट्रोल पंप खुलवाने का लालच दिया गया था। इसके एवज में सिक्योरिटी मनी सहित अन्य राशि मांगी गई थी। पीड़ित मनोज ने आरोपियों के खातों में पिछले ढाई वर्षों में अलग-अलग समय पर ऑनलाइन 2 करोड़ 15 लाख रुपए से अधिक राशि ट्रांसफर कर दी लेकिन उसे पेट्रोलपंप की डीलरशिप नहीं मिली। जिसके बाद पीड़ित को अपनी साथ हुई ठगी का पता लगा और शिकायत दर्ज कराने थाने पहुंचा। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायत पर आरोपी गौरव शर्मा, दीपक मेहरा व अर्चना सिंह के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षित रखने हेतु साक्षरता शिविर



**कटनी, यशभारत।** बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षित रखने हेतु अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी द्वारा साक्षरता शिविर लगाया गया। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार कटनी जिला सत्र प्रधान न्यायधीश धरमिन्दर सिंह राठौर के निर्देशानुसार छात्र छात्राओं के यौन उत्पीड़न रोकने एवं उन्हें सुरक्षित रखने हेतु माधव नगर में स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव निलेश कुमार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अनुज चंदसोरिया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या श्रीमती अपर्णा अग्निहोत्री ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रभारी सचिव निलेश कुमार द्वारा उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षित रखने हेतु कहा कि, यदि कोई व्यक्ति किसी बालक एवं बालिका के साथ बेड टच कर गलत तरीके से कार्य करने का प्रयास करता है तो शीघ्र ही इसकी जानकारी सबसे पहले अपने माता-पिता एवं शिक्षक को जरुर बताएं जिससे अपराध को शुरुआत में ही रोका जा सके, और बच्चों को मोबाइल के दुष्प्रभाव के विषय में जानकारी दी। कहा कि हमेशा आप मोबाइल पर ज्ञानवर्धक जानकारी देखने का प्रयास करे श्रीमती तिवारी द्वारा छात्र छात्राओं को स्वयं की आत्मनिर्भर बनाने और सुरक्षित रखने हेतु स्वयं के पास उपलब्ध संसाधनों जैसे मोबाइल, पेन, क्लिप, हाथों के नाखूनों के द्वारा कैसे बचा जा सकता है उससे संबंधित जानकारी देते हुए कुछ मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन छोटे बच्चों से संबंधित नंबर चाइल्ड लाइन 1098, घरेलू हिंसा महिला अधिनियम, 1090, एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 15100 पर निशुल्क सहायता प्राप्त करने हेतु अन्य विभाग 181, तथा 100 नंबर डायल कर निशुल्क सहायता अवश्य ही प्राप्त करें और दूसरों को भी जानकारी दें इस दौरान छात्र छात्राओं द्वारा माइनर उत्पीड़न संबंधित नुक्कड़ नाटक रोकने का संदेश दिया गया और नशा करने वाले का अतं कैसा होगा इससे संबंधित नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सलभ शुक्ला द्वारा किया गया। उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों और बच्चों का आभार व्यक्त शिक्षिका श्रीमती संध्या बेन द्वारा किया गया इस अवसर पर विद्यालय की वर्षा गौतम, रामवति टुडहा, अनामिका डोगरें, समिधा त्रिपाठी, परवीन खान, अश्विनी विश्वकर्मा, विवेक तिवारी सहित सभी छात्र छात्राओं की उपस्थित में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज




21 जुलाई से
रोजाना 5 शो
01.15 PM (AUDI-1)
03.45 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-1)
07.15 PM (AUDI-1)
10.00 PM (AUDI-1)

अजमेर-92

कलाकार- करन वर्मा, सुमित सिंह, राजेश शर्मा, जरीना वहाब आदि।

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिनेवर्ल्ड सिनेमा मित्तल मॉल में
ऑल इंडिया रिलीज




21 जुलाई से
रोजाना 2 शो
11.00 AM (AUDI-3)
06.45 PM (AUDI-3)

माईनस-31

कलाकार- रूचा ईनामदार, रघुवीर यादव, राजेश शर्मा, संतोष जुवेकर आदि।

Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 22 जुलाई 2023



# ब्रिज निर्माण से खराब हो गई सड़क, उड़ रहे धूल के गुबार

## गायत्रीनगर से एसकेपी, मूंगाबाई कॉलोनी एवं एनकेजे जाने वाले मार्ग की दुर्दशा, ठेकेदार की मनमानी का खामियाजा भुगत रहे नागरिक

**कटनी, यशभारत। झलवारा से मझगवां फ्लाई ओव्हर निर्माण की वजह से गायत्री नगर, एसकेपी कॉलोनी, उपनगरीय क्षेत्र एनकेजे, मूंगाबाई कॉलोनी एवं छपरवाह में रहने वाले लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शहर से गायत्रीनगर होकर एसकेपी एवं एनकेजे जाने वाली सड़क की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है, इसके बाद भी सड़क की मरररम्मत कराए जाने की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसका खामियाजा इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उठाना पड़ रहा है।**



गायत्री नगर से नीरज टॉकीज होते हुए मूंगाबाई कॉलोनी, छपरवाह, एसकेपी् कॉलोनी एवं एनकेजे जाने वाली सड़क की हालत जर्जर अैर खस्ताहाल हो गई है। इसके पीछे मुख्य कारण ग्रेट सेपरेटर का निर्माण है। फ्लाई ओव्हर ब्रिज निर्माण के चलते हर समय यहां बड़ी-बड़ी मशीनों और हाईवा व डम्फर निकलते रहते हैं, जिससे सड़क खराब हो गई है। अब स्थिति यह है कि थोड़ी सी बारिश में यहां कीचड़ हो जाता है और जब धूप निकलती है तो धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। जिससे आवागमन के दौरान वाहन चालकों के साथ ही स्थानीय रहवासियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मूंगाबाई कॉलोनी मार्ग पर भी कुछ इसी तरह के हालात, परेशान रहवासी



बाबाघाट से राजीव ब्रिगेड नगर होते हुए मूंगाबाई कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़क की हालत भी कुछ इसी तरह है। क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि यहां ब्रिज का निर्माण कर रही कंपनी की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भोगना पड़ रहा है। पोकलीन मशीनों को सड़क से निकालने की वजह से पूरी की पूरी सड़क खराब हो गई है। आलम यह है कि बारिश के मौसम में सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है और बारिश के बाद इस सड़क पर हर समय धूल उड़ती रहती है। जिससे यहां रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागिनी मनोज गुप्ता ने बताया कि गायत्री नगर से एसकेपी कॉलोनी मार्ग में सड़क नाम की चीज नहीं बची है। उड़ती धूल की वजह से मोटर साइकिल और साइकिल चालकों के स्वास्थ्य में बुरा असर पड़ रहा है। स्कूल के छात्र छात्राएं भी धूल और धक्के झेलने को मजबूर है। सिर्फब्रिज बनाने वाले ठेकेदार के काम में व्यवधान न आए और सड़क निर्माण में ठेकेदार का पैसा ना लग जाए, इसलिए जनता की पीड़ा को नहीं समझा जा रहा है। कमीशनबाजी का खेल चल रहा है तो ठेकेदार की तो सुनना पड़ेगी। रागिनी गुप्ता ने रेलवे के अधिकारियों से आग्रह है कि शीघ्र अतिशीघ्र एसकेपी से लेकर गायत्री नगर पेट्रोल पंप तक की सड़क का निर्माण कराने की मांग की है।



## 40 दिवसीय झूलेलाल चालिहा महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**कटनी, यशभारत।** विगत 11 जुलाई से गुरूनानक वार्ड स्थित श्री झूलेलाल मंदिर में चल रहे 40 दिवसीय भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के अवसर पर झूलेलाल चालिहा समिति द्वारा रोजाना विविध, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कियाा जा रहा है। सुबह, शाम भजन कीर्तन, आरती, पल्लव व दीनबंधु भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी संजय खूबचंदानी ने बताया कि झूलेलाल चालीहा महिला समिति द्वारा मंदिर में महिलाओं व बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं। इस अवसर पर झूलेलाल चालिहा सम्मति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक रविवार को प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक कटाईघाट के तट पर जल देवता की पूजा अर्चना भजन कीर्तन, अखो पल्लव, आरती व दीप दान का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। चालीहा महोत्सव समिति के त्रिलोकचंद भोजवानी, श्रीचंद भाटिया, हरीश बहलानी, नेवंदराम खूबचंदानी, अमर चेतवानी, महेश बहलानी, सुरेश गांधी, राजकुमार खीयानी, अशोक रोहरा, गोतम गलानी, संजय खूबचंदानी, मदन सेवलानी, अजीत केसवानी, मनोहर उधवानी, राजेश बनवारी, नरेश छाबड़ा, सुनील हसीजा, जुगल किशोर पांडेय, महेश डोडानी व अन्य जनों ने श्रद्धालुओं से समस्त कार्यक्रमों में उपस्थिति की अपील की है।

**सुबह, शाम भजन कीर्तन, आरती, पल्लव व दीनबंधु भंडारे का आयोजन**

### कर्मचारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा को कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त होने पर जताया हर्ष

**कटनी, यशभारत।** मध्यप्रदेश कर्मचारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा को कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त होने पर राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ओ पी सोनी, वन प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अनिल मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणा, बी डी तिवारी, प्रशांत चन्पुरिया, एस एन पाल, जिला सचिव धीरेन्द्र सिंह, जिला कोषाध्यक्ष एस के दत्ता, आर पी परौहा, सूर्यकांत परौहा, रामेश्वर तिवारी, प्रवीण पांडे, कल्पना खान, डॉ एम एस चंदेल, श्रीमती ज्योति बर्मन, के सी कछवाह, सुनील हल्दकार, लाड़ले पटेल, महेन्द्र राय एवं ललित रजक ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार जताया है।

### सुधा का रीठी, ब्रजेश का ढीमरखेड़ा तबादला

**कटनी, यशभारत।** मनरेगा योजना के कार्यों में लापरवाही बरतना ढीमरखेड़ा जनपद की सहायक लेखा अधिकारी सुधा मनसोरिया को भारी पड़ गया है। सीइओ शिशिर गेमावत ने सुधा मनसोरिया को ढीमरखेड़ा से हटाकर रीठी जनपद भेजा है, जबकि रीठी जनपद में पदस्थ सहायक लेखा अधिकारी ब्रजेश पाठक का ढीमरखेड़ा तबादला किया है।

## चार किलोमीटर सड़क में गड्ढे ही गड्ढे, आवागमन कष्टदायक

**बड़गांव से नयाखेड़ा जाने वाली सड़क के परखच्चे उड़े**



**कटनी, रीठी, यशभारत।** ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की हालत जर्जर और खस्ताहाल हो गई है। जिससे इन मार्गों में आवागमन न जानलेवा और खतरनाक हो गया है। ग्रामीणों को इस दौरान कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम बड़गांव के टोला से नयाखेड़ा की ओर जाने वाली करीब 4 किलोमीटर की हालत अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। बताया जाता है कि रीठी क्षेत्र का यह मार्ग दर्जन भर ग्रामों सहित नयाखेड़ा होकर पन्ना जिले की सीमा नांदचांद, बोरी होकर शाहनगर के आधा सैकड़ा से अधिक ग्रामों को जोड़ता है। यही कारण है कि इस मार्ग पर हर समय यातायात का दबाव बना रहता है। कटनी, नयाखेड़ा एवं दमोह से नयाखेड़ा तक बसों से सैकड़ों यात्री हर रोज इस जर्जर मार्ग से अपनी यात्रा का शुभारंभ करते हैं। दो पहिया, चार पहिया वाहनों के चालकों को हर समस दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इस क्षेत्र के लोगों ने कईयों बार शासन-प्रशासन के साथ ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान सड़क निर्माण को लेकर आकर्षित कराया लेकिन आज तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। बारिश के इस मौसम में इस मार्ग पर चलना होता है बेहद तकलीफदेह हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन एवं विधायक से सड़क निर्माण की मार्ग की है।


## विरोध प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग



### जिला कांग्रेस कमेटी शहर ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** पटवारी भर्ती परीक्षा को निरस्त करने की मांग को लेकर एनएसयूआई द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विक्रम खंपरिया की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में बताया कि पटवारी परीक्षा घोटाले के विरोध में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता कचहरी चौराहे में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन से पानी की बौछार कराई। बावजूद इसके विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जा रहा था। इस बीच पुलिस कर्मी अखंड प्रताप सिंह ने लकड़ी के डंडे से मारना शुरू कर दिया। इसे देखकर दूसरे पुलिस कर्मियों ने भी लाठी से मारना शुरू किया। लाठी के हमले से कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रौनक खंडेलवाल, पूर्व पार्षद राहुल पटेरिया, युवा नेता विकास दुबे, सचिन गर्ग एवं अन्य कांग्रेस जनों को चोट आई, जिनका एमजीएम हॉस्पिटल में उपचार करवाया गया। ज्ञापन में लाठी मारने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष विक्रम खम्परिया, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री प्रियदर्शन गौड़, जिला इंटक परिषद अध्यक्ष बीएम तिवारी, पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष राजा जगवानी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, ईश्वर बहरानी, मौसूफअहमद, प्रदेश कांग्रेस सदस्य रौनक खंडेलवाल, राजेश जाटव, नारायण निषाद, दिग्विजय सिंह, अमित कटारे, दीपक गुमास्ता मौजूद रहे।

सिटी मॉल बरही रोड में



ऑल इंडिया रिलीज

21 जुलाई से रोजाना 2 शो

06.00 PM (AUDI-1)

09.30 PM (AUDI-1)

OPPENHEIMER-2D

(IN HINDI)

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402



## एम फॉर सेवा छात्रावास मझगवां में छात्रों का आवश्यक वस्तुओं का वितरण

**कटनी, यशभारत।** फ्रेंड्स फोर्स फाउंडेशन, जागृति संस्था एवं समाजसेवियों द्वारा एम फॉर सेवा संस्था में आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। जिसमे पैथोलॉजी लेब एशोसियेशन के डॉ. आर के नेमा, कपिल तिवारी, सियाराम तिवारी, योगेन्द्र परिहार, विकास पांडे द्वारा 12 गद्दे, चादर, तकिया, कम्बल एवं डॉ. आर के नेमा द्वारा भी 2 पंखे, 3 कम्बल, चादर और 3 गद्दों का वितरण किया गया। दिनेश बाटला ने पर्क चाकलेट का वितरण किया। संस्था में उन छात्र-छात्राओं को अध्ययन कराया जाता है जो आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं और शिक्षा से वंचित है। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में जो भी बाधाएं आती हैं। उन बाधाओं को दूर करने का प्रयास आज किया गया। मझगवां ग्राम पंचायत के पीछे स्थित बालक छात्रावास में वर्तमान में 70 छात्र अपने अध्ययन को कर रहे हैं। इस छात्रावास के छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर बोर्ड की परीक्षाओं में उत्तीर्ण होते हैं। इस अवसर पर डॉ आर के नेमा, कपिल तिवारी, सियाराम तिवारी, योगेन्द्र परिहार, विकास पांडे, दिनेश बाटला, अनिल नेमा, अनिल सोनी की उपस्थिति रही।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराए से देना है

एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।

संपर्क-8109417340

प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ प्रवेश प्रारंभ

एम.जी.एम. स्कूल/ कॉलेज ऑफ नर्सिंग

SC/ST/OBC छात्र - छात्राओं को स्कॉलरशिप शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जायेगी

जिले में सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. कोर्स में प्रवेश प्रारंभ

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1. | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12वीं (बायो) |
| 2. | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12वीं (किसी भी विषय) |
| 3. | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

जिला अस्पताल, कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त - इंडियन नर्सिंग कांऊसिल नई दिल्ली, मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, मध्यप्रदेश स्टेट नर्सेस कांऊसिल भोपाल, मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी

फोन. 07622&405074 मो. 7771001902

कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी (म.प्र.)

पश्चिम मध्य रेल

संकेत एवं दूरसंचार विभाग

खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल–एन–टेली.–टेण्डर–2023–12. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** (1) जीएम कार्यालय, जबलपुर, डब्ल्यूसीआर में एसडीजीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में नवीकरण कार्य के संबंध में टेलीप्रेज़ेंस सिस्टम की ऑडियो व्यवस्था की रीवायरिंग और एकीकरण। (2) जबलपुर मंडल के एनकेजे डीजल शेड में 50 एचएचपी डीजल लोको शेड की क्षमता में वृद्धि। (3) निर्माण कार्यालय रीवा में हाई स्पीड रेलनेट कनेक्शन का प्रावधान। (4) रेल सौरभ कॉलोनी में सेवा भवन ओआरएच का सुधार। (5) बजरंग कॉलोनी दमोह में पुराने/जीर्ण-शीर्ण क्वार्टरों 08 इकाइयों टाय-III का प्रतिस्थापन प्रस्तावित। (6) पी/एफ नंबर 1 पर सीओपी 6 बे (96 एम) और पी/एफ नंबर 2-3 पर 6 बे (96 एम) के प्रावधान के संबंध में एमवाईआर सीजीडीबी प्रणाली का स्थानांतरण। (7) सतना ऑफिसर्स रेस्ट हाउस में सुधार कार्य। (8) न्यू कटनी जंक्शन पर एल्युमिनियम शीट प्रदान करके ड्रिप शेड, एसी लोको शेड, टपकती छत वाले डीजल शेड की भारी मरम्मत। (9) एडीईएन/पीपीआई और एसएसई/ के लिए 2 यूनिट आरबी-IV का निर्माण प्रस्तावित है। डब्ल्यू/पीपीआई, ओएस एडीईएन कार्यालय और जेई डीआरजी के लिए दो यूनिट आरबी-III और पिपरिया स्टेशन पर एडीईएन पिपरिया के टी/मैन के लिए पांच यूनिट आरबी-II क्वार्टर। **निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 63,67,114.25. **निविदा फार्म की कीमतः** 00. **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर। **बयाना राशिः** ₹ 1,27,400/-. **समापन अवधिः** 6 माह। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 14.08.2023 को 15.00 बजे बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन ही आवेदन की जा सकती है।

कोरोना से बनाना है दूरी तो वेक्सीन लगवाना है जरुरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)

E-mail- eepwdkatni@mp.nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 11/व.ले.लि./2023-24/ — कटनी, दिनांक 18.07.2023

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अंतर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.12.2020 एवं समस्त संशोधन सहित (भवन)तथा दिनांक 15.09.2022 एवं दिनांक 25.03.2022 (सड़क) कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें संबंधित कार्यालय में टेण्डर टाईम शेडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | जिला | एस.ओ. आर. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | अनुमानित लागत राशि(रू. लाख में) | कार्य की अमानत राशि प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PW DRB_29 1560_1 | कटनी | 25.03.2022 | सड़क कार्य | डी.एम.एफ. मद के तहत बरमानी से बिरूहली तक सी.सी. मार्ग निर्माण कार्य लं. 2.0 कि.मी. | प्रथम | 169.49 | 1.69400 | 12500.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2023_PW DRB_29 1561_1 | कटनी | 25.03.2022 | सड़क कार्य | सैदा से मढ़िया मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 1.73 कि.मी. | द्वितीय | 161.79 | 1.61790 | 12500.00 | 05 माह |
| 3 | 2023_PW DRB_29 1562_1 | कटनी | 25.03.2022 | सड़क कार्य | डी.एम.एफ. मद के तहत भनपुरा से बरेली कम्यूनिटी भरभरा आश्रम से मुख्य मार्ग पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य लं. 2.0 कि.मी. | प्रथम | 84.75 | 0.84750 | 10000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2023_PW DRB_29 1563_1 | कटनी | 15.09.2022 | सड़क कार्य | डी.एम.एफ. मद के तहत कटनी में कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरौध में प्रजनन बीज उत्पादन प्रक्षेत्र की फेंसिंग कार्य | प्रथम | 31.65 | 0.50000 | 5000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2023_PW DRB_29 1564_1 | कटनी | 25.03.2022 | सड़क कार्य | डी.एम.एफ. मद के तहत एल.आई.सी. कार्यालय से पिछड़ा वर्ग बालिका छात्रावास बरगवां तक सी.सी. मार्ग का लं. 0.39 कि.मी. | प्रथम | 30.70 | 0.50000 | 5000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2023_PW DRB_29 1565_1 | कटनी | 25.03.2022 | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग संभाग कटनी के अंतर्गत मार्गों एवं पुल पलियों में मरम्त का कार्य (जोनल टेण्डर) | तृतीय | 19.99 | 0.39980 | 2000.00 | 06 माह |
| 7 | 2023_PW DRB_29 1567_1 | कटनी | 15.09.2022 | भवन कार्य | डी.एम.एफ. मद के तहत कटनी में होमगार्ड कैम्प झिंझरी में सैनिक बैरिक का निर्माण कार्य। | प्रथम | 19.83 | 0.39660 | 2000.00 | 06 माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | 2023_PW DRB_29 1568_1 | कटनी | 25.03.2022 | सड़क कार्य | फरफारमेंस गारंटी के अंतर्गत मूंगाबाई कालोनी पहुंच मार्ग में मरम्मत का कार्य (अनुबंध क्रमांक 22/डी.एल./2018-19) | तृतीय | 8.10 | 0.16200 | 2000.00 | 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | 2023_PW DRB_29 1569_1 | कटनी | 25.03.2022 | सड़क कार्य | फरफारमेंस गारंटी के अंतर्गत आने वाले झिन्ना पिपरिया कटरा मार्ग लंबाई 3.0 कि.मी. मार्ग में मरम्मत का कार्य (अनुबंध क्रमांक 31 /डी.एल./2019-20) | तृतीय | 3.80 | 0.07600 | 2000.00 | 02 माह वर्षाकाल सहित |
| 10 | 2023_PW DRB_29 1571_1 | कटनी | 25.03.2022 | सड़क कार्य | विलायतकला स्टेशन पहुंच मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. में मरम्मत कार्य परफारमेंस गारंटी के अंतर्गत अनुबंध क्रमांक 37/डी.एल./2020-21 | द्वितीय | 4.54 | 0.09080 | 2000.00 | 02 माह |
| 11 | 2023_PW DRB_29 1572_1 | कटनी | 15.09.2022 | भवन कार्य | डी.एम.एफ. मद के तहत माध्यमिक शाला पिपरौध कटनी में बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य। | प्रथम | 3.76 | 0.07520 | 2000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | | | योग | | 538.40 | | | |

**निविदा की कुल अनुमानित राशि रूपये 538.40 लाख (पांच करोड़ अड़तीस लाख चालीस हजार मात्र)**


उपरोक्त वेबसाईट में ऑन लाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 08.09.2023 सायं 17:30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी-16975/23

कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी

सिटी मॉल बरही रोड में

ऑल इंडिया रिलीज



21 जुलाई से रोजाना 4 शो

01.00 PM (AUDI-2)

04.00 PM (AUDI-2)

07.00 PM (AUDI-2)

10.00 PM (AUDI-2)

अजमेर-92

कलाकार- करन वर्मा, सुमित सिंह, राजेश शर्मा, जरीना वहाब आदि।

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में



शानदार दूसरा सप्ताह

21 जुलाई से रोजाना 2 शो

12.00 PM (AUDI-1)

03.00 PM (AUDI-1)

MISSION IMPOSSIBLE DEAD

RECKONING PART ONE

Tickets Available on Book My Show

बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# 717 मेधावी छात्रों को लैपटॉप खरीदने मिली राशि

## मुख्यमंत्री से लैपटाप की राशि पाकर छात्रों के खिले चेहरे, विधायक एवं कलेक्टर की मौजूदगी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कटनी,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रदेशव्यापी विकास पर्व के तहत भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन समारोह से कटनी जिले के 717 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय करने के लिए, प्रति विद्यार्थी 25 हजार रूपए के मान से उनके बैंक खातों में सिंगल क्लिक से सीधे राशि का अंतरण किया। स्थानीय स्तर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक बालिका छात्रावास माधवनगर में कटनी मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल एवं कलेक्टर अवि प्रसाद की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया जाकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा व सुना गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रावास की छात्राएं सहित जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह, ए.डी.पी.सी अभय जैन, सहायक संचालक राजेश अग्रहरी, सहित छात्रावास एवं स्कूल प्रबंधन के शिक्षक शिक्षिकों की मौजूदगी रही।



इस दौरान संपूर्ण के जिले भर के स्कूलों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के पश्चात विधायक संदीप जायसवाल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का एक ही लक्ष्य है कि बच्चों को उच्च शिक्षा एवं रोजगार के साधन मुहैया कराये जाकर उनकी शिक्षा व्यवस्था में कोई न रखी जाये। विधायक श्री जायसवाल नें जिले के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशांसा करते हुए प्रशासनिक तंत्र एवं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से छात्रों को निरंतर सुविधांए उपलब्ध करानें की बात कही।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने विकास पर्व पर कटनी जिले के 717 विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक करोड़ 79 लाख 25 हजार रूपए की राशि अंतरित की। लैपटॉप खरीदने के लिए राशि पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। छात्रों ने अपने मामा जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रति लैपटॉप खरीदने की राशि देने के लिए हृदय से आभार जताया है। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित सत्र 2022-23 की कक्षा-12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए यह राशि दी प्रदान की गई है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की सत्र 2022-23 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में प्रदेश भर में 78 हजार 641 विद्यार्थियों ने प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित किये हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनान्तर्गत ये सभी विद्यार्थी लाभान्वित हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रति विद्यार्थी 25 हजार रुपए राशि के मान से पूरे प्रदेश के कुल 78 हज़ार 641 विद्यार्थियों के खातों में कुल 196 करोड़ 60 लाख 25 हजार रूपये की राशि अंतरित की।

## साढ़े आठ करोड़ के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण



**कटनी,यशभारत।** जिले मे मनाये जा रहे विकास पर्व के तहत चारों विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर अब तक 8 करोड़ 63 लाख रूपये की लागत के 37 विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन हो चुका है। जिले में 16 जुलाई से शुरू विकास पर्व 14 अगस्त तक चलेगा। विकास पर्व के तहत 3 करोड़ 45 लाख रूपये की लागत के 10 कार्यो का लोकार्पण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जा चुका है। जबकि 27 निर्माण एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन भी अब तक जनप्रतिनिधियों के हाथों संपन्न हुआ है। इन कार्यों की लागत 5 करोड़ 18 लाख रूपये है। जिले में विकास पर्व के आयोजन का सिलसिला निरंतर जारी है। जिले की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोकार्पण और भूमिपूजन लगातार हो रहे है। अलग-अलग क्षेत्रों में सौगातें देने का सिलसिला जारी है, जहॉं लगातार विकास की सौगात दी जा रही है।



## 372.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिले में इस वर्ष 1 जून से 20 जुलाई की प्रातः तक की अवधि तक कुल 372.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि बीते वर्ष इसी अवधि के दौरान 213.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 159 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अलोच्य अवधि तक वर्षा मापी केंद्र कटनी में 308.0 मिलीमीटर, रीठी में 441.8 मिली मीटर, बड़वारा में 333.0 मिलीमीटर, बरही में 277.0 मिलीमीटर, विजयराघवगढ़ में 227.7 मिलीमीटर, बहोरीबंद में 288.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसी प्रकार स्लीमनाबाद में 629.0 मिलीमीटर एवं ढ़ीमरखेड़ा में 472.7 मिलीमीटर वास्तविक वर्षा दर्ज की गई।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया शिक्षा का संदेश

**कटनी,यशभारत।** कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे और बेटियों को भी बेटों की तरह शिक्षा का समान अवसर मिले, इसी संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए आज कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास विगढ़ की छात्राओं द्वारा कटनी जनपद पंचायत अंतर्गत जनजातीय बाहुल्य ग्राम डिठवारा में प्रेरक नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। बड़े ही सहज, सुंदर और प्रभावी ढंग से छात्राओं ने बालिका शिक्षा और बच्चों को स्कूल जाने के लिए मौजूद जनसमुदाय को प्रेरित किया। दो दिन पूर्व निरीक्षण के लिए कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास विगढ़ पहुंचे कलेक्टर से यहां की छात्राओं आकांक्षा, गौरा, संध्या, अंकिता आदि ने जनजातीय समाज में शिक्षा और बेटियों को शिक्षा का समान अवसर प्रदान करने के लिए अभिभावकों में जागरूकता लाने सहित शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और इस अभियान में स्वयं आगे बढ़कर समाज को जाग्रत करने के लिए नुक्कड़ नाटक करने की मंशा जाहिर की। छात्राओं की शिक्षा के प्रति ललक को देखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने ,स्कूल चलें हम अभियानष् के तहत छात्राओं को नुक्कड़ नाटक कर लोगों को प्रेरित करने की बात कही थी । साथ ही जिला परियोजना अधिकारी समन्वयक को ग्राम डिठवारा में जागरूकता अभियान आयोजित कराने के निर्देश दिए थे कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रह जाए इस संदेश को बड़े ही प्रभावी और सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। जिससे ग्रामीण प्रेरित और बालिका शिक्षा के प्रति भावुक हो उठे और उन्होंने गांव की बेटियों को बेटों की तरह ही पढ़ाने और आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सभी ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाली छात्राओं की प्रशंसा की। साथ ही शासन द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा अभियानों और कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले में बालिका शिक्षा, बच्चों के शिक्षा के अधिकार के लिए किए जा रहे कार्यों और शिक्षा सुधार के प्रयासों की सराहना की।



## क्षतिग्रस्त सड़क व गड्ढों के सुधार कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

**कटनी,यशभारत।** वर्षाकाल में लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क कटनी के अंतर्गत आने वाले मार्गों एवं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क हरि सिंह ठाकुर ने बताया कि आमजन कटनी संभाग के अंतर्गत आने वाली सड़कों के क्षतिग्रस्त एवं गड्ढा सुधार कार्य हेतु अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण उप संभाग क्रमांक एक एन के अग्रवाल को नोडल अधिकारी बनाया गया है ।श्री अग्रवाल का मोबाइल नंबर एवं व्हाट्सएप नंबर 94246 18058 है। उन्हें इस नंबर पर क्षतिग्रस्त सड़क व गड्ढों का छायाचित्र भेजा जा सकता है और सूचना भी दी जा सकती है।

## पशु रोग नियंत्रण करने नि:शुल्क टीकाकरण का शुभारंभ



**कटनी,यशभारत।** संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग म0प्र0 भोपाल के दिशा निर्देश पर कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में कटनी जिले के प्रत्येक ग्रामों में राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तृतीय चरण अंतर्गत 21 जुलाई से 20 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं में खुरपका एवं मुंहपका रोग से बचाव हेतु निःशुल्क एफ0एम0डी0 टीकाकरण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक ने बताया कि विभागीय अमले एवं प्रशिक्षित गौसेवकों तथा मैत्रियों द्वारा समस्त ग्रामों में विभाग की योजनाओं का प्रचार-प्रसार एवं टीकाकरण कार्य किया जावेगा। इस रोग से प्रभावित पशु को तेज बुखार ( 104-106०) होता है। बीमार पशु के मुँह में मुख्यतः जीभ के उपर, होठो के अंदर, मसूडो पर साथ ही खुरो के बीच की जगह पर छोटे-छोटे छाले बन जाते है। बाद में यह छाले फूट जाते हैं और उनमें जख्म हो जाते हैं। मुँह में छाले हो जाने की वजह से पशु जुगाली करना बन्द कर देता हैं और खाना-पीना छोड़ देता है, मुँह से निरंतर लार गिरती रहती हैं साथ ही मुँह चलाने पर चाप-चाप की आवाज़ भी सुनाई देती हैं। पशु सुस्त पड़ जाते और कुछ खाते-पीते नहीं है। खुर में जख्म होने की वजह से पशु लंगड़ाकर चलता है। दुधारू पशुओं में दूध का उत्पादन 80 प्रतिशत तक कम हो जाता है। पशु कमजोर होने लगते हैं। गर्भवती पशुओं में गर्भपात की संभावना बनी रहती है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग कटनी द्वारा जिले के समस्त पशुपालकों से पशुओं को एफ0एम0डी0 टीका अवश्य लगवाकर योजना का लाभ प्राप्त करनें की अपील की गई है।

## मास्टर ट्रेनर द्वारा बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

कटनी,यशभारत।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार फोटो निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के कार्यक्रम अनुसार 01 अक्टूबर 2023 की आर्हता तिथि के अनुसार मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु कार्यक्रम घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रोमानुस टोप्पो घोषित कार्यक्रम के अनुपालन में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों में बूथ लेबल अधिकारियों एवं बीएलओ सुपरवाईजर को दो पालियों प्रशिक्षण दिये जाने हेतु मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति किये गए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार गुरूवार को विधानसभा बहोरीबंद के जनपद पंचायत सभाकक्ष बहोरीबंद में श्री अनिल कुमार चक्रवर्ती विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं श्री राकेश सिन्नरकर विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं जनपद पंचाय रीठी सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु श्री मनोज कुमार गर्ग, माध्यमिक शिक्षक हाईस्कूल रामपाटन एवं श्री प्रशांत मिश्रा विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक बहोरीबंद द्वारा बी.एल.ओ को फार्म नंबर 6,7 एवं 8 के साथ ही मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विधानसभा बहोरीबंद के बी.एल.ओ एवं निर्वाचक एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की मौजूदगी रही।

## कलेक्टर के नवाचार को जनप्रतिनिधियों ने सराहा

# बालिका-छात्रावासों में मिली पुस्तकालय की सुविधा







**कटनी,यशभारत।** जिले में शुरू विकास पर्व के दौरान को जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के 13 छात्रावासों में उत्सवी माहौल में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। इसमें 7 राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के और 6 जनजातीय कार्य विभाग छात्रावास में शुरू किये गए पुस्तकालय शामिल है। पुस्तकालय के शुभारंभ के अवसर पर जनप्रतिनिधियों नें पौधारोपण भी किया। विगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने जहां कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास विगढ़ में पुस्तकालय का शुभारंभ किया वहीं मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल और कलेक्टर अवि प्रसाद एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा की मौजूदगी में बालिका छात्रावास शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कटनी एवं जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में पुस्तकालय का उद्घाटन किया। बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांण्डेय और जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में पुस्तकालय का शुभारंभ किया। बड़वारा विधायक विजयराघवेन्द्र सिंह बसंत सिंह नें जनपद अध्यक्ष ढीमरखेड़ा सुनीता संतोष दुबे की उपस्थिति में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास ढीमरखेड़ा में पुस्तकालय का शुभारंभ किया और नौनिहालों के भविष्य को संवारने के इस नेक कार्य को और अधिक विस्तार देने के लिए विधायक निधि से दस हजार रूपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। जनपद अध्यक्ष बडवारा सुनील सिंह बघेल ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास बड़वारा तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष रीठी अर्पित अवस्थी ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास रीठी में पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इसके अलावा जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास एन.के.जे में महापौर प्रीति सूरी, शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास विलायतकला में जनपद अध्यक्ष सुधा जायसवाल, शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास घुंघरा मे जनपद अध्यक्ष रीठी, शासकीय कन्या छात्रावास ढीमरखेड़ा में श्रीकांत पटेल एवं शासकीय आदिवासी नवीन कन्या छात्रावास खिरहनी मे मनीष पाठक ने पुस्कालय का शुभारंभ किया। छात्रावासों में पुस्तकालय के उद्घाटन के अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल,संजय सत्येंद्र पाठक, प्रणय प्रभात पांडे, विजय राघवेंद्र सिंह, सुनीता मेहरा, अशोक विश्वकर्मा, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित अन्य सभी जनप्रतिनिधियों ने इस नवाचार को बालिका शिक्षा और बालिका विकास में एक अहम कड़ी निरूपित किया। जिले के 27 छात्रावासों में शुरू हुए ये पुस्तकालय बालिकाओं के बौद्धिक, साहित्यिक और संस्कारिक विकास में सहायक साबित होंगे। साथ ही बालिकाएं इन किताबों के माध्यम से अपने भविष्य निर्माण को लेकर निर्णायक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगी। पुस्तकालय प्रतियोगी परीक्षाओं में भी लाभदायक सिद्ध होंगी। पुस्तकालय प्रारंभ होने से छात्राओं में खुशी की लहर दिख रही है। छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की जो भी पुस्तकालय संबंधी मांग होगी उसे पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। जिले के सभी छात्रावासों में पुस्तकालय उद्घाटन के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे अन्य जनप्रतिधियों ने भी कलेक्टर के इस नवाचार की भूरि भूरि प्रशंसा की।

### पुस्तकें होती हैं सच्ची मित्र और मार्गदर्शक - कलेक्टर

जिले के सभी छात्रावासों में पुस्तकालय उद्घाटित होने के सुअवसर पर कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि पुस्तकें इंसान की सच्ची मित्र और मार्गदर्शक होती हैं। छात्रावासों में बालिकाएं खाली समय में इन पुस्तकों का अध्ययन कर न सिर्फ ज्ञान अर्जित कर सकती हैं, बल्कि ये पुस्तकें उनके बौद्धिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, व्यक्तित्व विकास के लिए उपयोगी साबित होंगी और उन्हें अपना भविष्य संवारने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेंगी। बालिका छात्रावास शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवनगरएवं जनजातीय कार्य विभाग के शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में पुस्तकालय का उद्घाटन के दौरान कैल्डरीज रिफेक्ट्रीज के जी.एम श्री प्रियव्रत विश्वास नें दोनों छात्रावासों हेतु 72-72 हजार रूपये देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि नो बुके जस्ट ए बुक की अपील दौरान आगंतुकों और कार्यक्रम आयोजकों से उपहार स्वरूप बड़ी संख्या में मिली पुस्तकों को कलेक्टर द्वारा जिले की इन 27 लाइब्रेरी को भेंट किया गया है।

### अतिथियों ने किया निरीक्षण, रोपा पौधा

उद्घाटन उपरांत अतिथियों ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया। बालिका छात्रावास उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर की छात्राओं द्वारा खेल सामग्री और कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कटनी की छात्राओं द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शिका की मांग की गई। जिसे जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन किया गया। छात्रावास में विधायक संदीप जायसवाल व कलेक्टर अवि प्रसाद ने आम का पौधा रोपा। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष संदीप दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी पीपी सिंह, एडीपीसी अभय जैन, सहायक संचालक राजेश अग्रहरी, आदिम जाति कल्याण विभाग अधिकारी श्रीमती पूजा द्विवेदी सहित छात्रावास और स्कूल प्रबंधन की मौजूदगी भी रही।

# टीम इंडिया में कभी वापसी नहीं कर पाएगा ये खिलाड़ी! 13 साल लंबे करियर पर लगा ब्रेक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार के बाद से टीम इंडिया में काफी बड़े बदलाव हुए। कई खिलाड़ियों को टीम से बाहर किया गया वहीं कई नए खिलाड़ियों को टीम में पहली बार जगह मिली। बाहर होने वाले खिलाड़ियों में एक नाम दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का भी है। पुजारा 2010 के बाद से टीम इंडिया की टेस्ट साइड का एक अहम हिस्सा थे। लेकिन अब टीम में उनकी वापसी काफी मुश्किल नजर आ रही है।

### पुजारा की वापसी हुई मुश्किल

वेस्टइंडीज दौरे पर टीम से ड्रॉप हुए पुजारा के लिए अब फिर से वापसी कर पाना मुश्किल है। पुजारा को लेकर टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज वसीम जाफर ने भी एक बड़ा बयान दिया। जाफर ने कहा कि चेतेश्वर पुजारा के लिए टेस्ट टीम में वापसी करना भी मुश्किल होगा क्योंकि 2023-25 के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में युवा खिलाड़ियों पर नजर रहेगी। भारत के पूर्व ओपनिंग बल्लेबाज ने कहा कि जहां तक पुजारा की बात है तो मुझे लगता है कि आगे बढ़ना थोड़ा मुश्किल होगा। आपको अगले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र के लिए नए खिलाड़ियों को भी देखना शुरू करना होगा। श्रेयस अय्यर और ऋषभ पंत वापस आएंगे। यशस्वी जयसवाल सफल रहे हैं। (शुभमन) गिल तीनों फॉर्मेट में खेलेंगे। मुझे लगता है कि पुजारा के लिए वापसी करना मुश्किल होगा।

### जायसवाल की एंट्री से पुजारा को खतरा

यशस्वी जायसवाल ने अपने डेब्यू मैच में ही बेहतरीन शतकीय पारी खेली। ऐसे में ये खिलाड़ी अब टीम का मुख्य ओपनर बनकर लंबे समय तक खेलता हुआ नजर आ सकता है। वहीं शुभमन गिल को नंबर 3 के लिए तैयार किया जा रहा है। विराट कोहली नंबर चार पर खेलते हैं और अजिंक्य रहाणे को लेकर उन्होंने साफ कर दिया है कि टीम को उनकी जरूरत है। ऐसे में पुजारा के लिए अब मामला मुश्किल लगने लगा है।

### 2010 में किया था पुजारा ने डेब्यू

चेतेश्वर पुजारा ने टीम इंडिया के लिए साल 2010 में टेस्ट डेब्यू किया था। राहुल द्रविड़ के जाने के बाद उन्होंने टीम के अंदर नंबर तीन की भूमिका को बखूबी संभाला। लेकिन पिछले चार साल से ज्यादा का समय हो गया लेकिन वह सिर्फ एक शतक लगा पाए। जनवरी 2019 में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में 193 रनों की पारी खेली थी। उसके बाद दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने नाबाद 102 रन बनाए। इसके अलावा इस साढ़े चार साल से ज्यादा के अंतराल में उनके बल्ले से कोई शतक नहीं निकला। पुजारा के नाम 103 टेस्ट मैचों में 7195 रन दर्ज हैं जिसमें 19 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका टेस्ट औसत 43 से अधिक का है।

# ये दिग्गज बनने जा रहा है पाकिस्तान का नया चीफ सेलेक्टर

## खेल चुका है 300 से ज्यादा इंटरनेशनल मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट में आए दिन कुछ ना कुछ बवाल होता रहता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी कि बीसीसीआई में कुछ ना कुछ बदलाव होते रहते हैं। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट को एक नया चीफ सेलेक्टर मिलने जा रहा है। वहीं ये जिम्मेदारी पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर को मिलने जा रही है।



### पाकिस्तान क्रिकेट को मिलने जा रहा नया सिलेक्टर

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर मोहम्मद हफीज राष्ट्रीय टीम के मुख्य चयनकर्ता बनने की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। श्रीलंका के मौजूदा दौरे के समाप्त होने के बाद उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो हफीज पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की क्रिकेट प्रबंधन समिति के नए चेयरमैन जका अशरफ ने उन्हें मुख्य चयनकर्ता नियुक्त करना चाहते हैं, यह पद जून से खाली पड़ा है।

### जका असरफ ने की मुलाकात

सूत्र ने पीटीआई से कहा कि जका ने पूर्व कप्तान राशिद लतीफ और हफीज से मुलाकात की और उनसे मुख्य चनकर्ता बनने के बारे में बात की। राशिद इस पद पर काबिज होने के इच्छुक नहीं थे लेकिन हफीज ने इस पद के लिए अपनी उपलब्धता जाहिर की थी। सूत्र ने कहा कि राशिद भ्रष्टाचार रोधी मुद्दों पर काम करने में ज्यादा इच्छुक थे। हफीज ने पिछले साल संन्यास लेने से पहले पाकिस्तान के लिए 55 टेस्ट, 218 वनडे और 119 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले थे, उन्होंने स्पष्ट किया कि वह मुख्य चयनकर्ता के तौर पर काम करने की चुनौती लेना पसंद करेंगे।

# राहुल के आते ही टीम इंडिया से बाहर हो जाएगा ये खिलाड़ी! बचने के लिए करना होगा ये काम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम इस वक्त वेस्टइंडीज के दौरे पर है। जहां उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट, तीन वनडे और पांच टी20 मुकाबले खेलने हैं। इस दौरे के लिए भेजी गई टीम इंडिया में कई स्टार खिलाड़ी इंजरी के कारण स्क्वॉड से बाहर हैं। उन खिलाड़ियों में केएल राहुल का भी नाम शामिल है। केएल राहुल इस वक्त अपनी इंजरी से रिकवर कर रहे हैं और बहुत जल्द ही टीम इंडिया में फिर से वापसी कर सकते हैं। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से ठीक पहले इंजरी के कारण टीम इंडिया से बाहर हुए केएल राहुल अब काफी तेजी से फिट हो रहे हैं। बीसीसीआई ने शुक्रवार को इंजरी के कारण एनसीए में रिकवर हो रहे पांच खिलाड़ियों का फिटनेस अपडेट दिया। इस अपडेट के अनुसार केएल राहुल वर्ल्ड कप से पहले पूरी तरह से फिट हो सकते हैं। उन्होंने नेट्स पर अपनी बल्लेबाजी भी शुरू कर दी है। ऐसे में वह वनडे मैचों में टीम इंडिया की प्लेइंग 11 में नजर आ सकते हैं। केएल राहुल की वापसी के साथ ही टीम इंडिया से एक खिलाड़ी बाहर किया जा सकता है।

### केएल की वापसी के साथ ही कटेगा इस खिलाड़ी का पत्ता

केएल राहुल को इस साल खेले गए आईपीएल के दौरान इंजरी हुई थी। इसके बाद से उन्होंने न तो आईपीएल का एक भी मैच खेला है न ही टीम इंडिया के लिए वह नीली जर्सी में नजर आए हैं। वनडे टीम में केएल राहुल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं। अगर उनकी टीम इंडिया में वर्ल्ड कप से पहले वापसी हो जाती है तो एक खिलाड़ी को स्क्वॉड से बाहर किया जा सकता है। ये खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि संजू सैमसन हैं। केएल राहुल की गैरमौजूदगी में संजू सैमसन को वनडे टीम में शामिल किया गया है। ऐसे में उनकी वापसी के साथ ही संजू का पत्ता कट सकता है।

# पूरी सीरीज बेंच पर बैठे रहे ये 4 खिलाड़ी प्लेइंग 11 में नहीं बनी किसी की जगह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम इस वक्त वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में भिड़ रही है। इस सीरीज का पहला मुकाबला टीम इंडिया ने आसानी से जीत लिया। टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हार के बाद इस सीरीज में उतरी थी। ऐसे में टीम में कुछ बड़े बदलाव हुए और वेस्टइंडीज सीरीज में कुछ नए खिलाड़ियों को खेलते हुए देखा गया। लेकिन फिर भी इस सीरीज में 4 ऐसे खिलाड़ी भी रहे जोकि बेंच पर ही बैठे रहे।



### 1. रुतुराज गायकवाड़

ओपनिंग बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को इस सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया था। ये खिलाड़ी रिजर्व ओपनर के तौर पर टीम इंडिया में शामिल किया गया। लेकिन गायकवाड़ को इस सीरीज के दोनों ही मुकाबलों में मौका नहीं मिला। इस सीरीज में ओपनिंग करने के लिए कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल को जिम्मेदारी सौंपी गई। रोहित और जायसवाल ने इस सीरीज में एक शतक और एक हाफ सेंचुरी जड़ी। जिसके चलते गायकवाड़ को मौका नहीं मिला।

### 2. अक्षर पटेल

टीम में तीसरे स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर शामिल किए जाने वाले अक्षर पटेल को भी इस सीरीज में मौका नहीं मिल पाया। टीम में पहले से रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे दो खिलाड़ी शामिल हैं। ऐसे में अक्षर की जगह इस सीरीज में नहीं बन पाई।

### 3. नवदीप सैनी

तीसरा नाम नवदीप सैनी का है। नवदीप सैनी 2021 के बाद से भारत के लिए कोई टेस्ट मैच नहीं खेले हैं। उम्मीद थी कि इस सीरीज में सैनी टीम में वापसी कर सकते हैं। लेकिन दूसरे टेस्ट में तीसरे पेसर के तौर पर मुकेश कुमार को शामिल किया गया।

### 4. केएस भरत

लिस्ट में चौथा नाम केएस भरत का है। भरत को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद से टीम में जगह मिल रही थी, लेकिन उनका प्रदर्शन बेहद खराब रहा। भरत एक हाफ सेंचुरी तक अपने करियर में नहीं लगा पाए। ऐसे में ईशान किशन को इस दौरे पर टीम में शामिल किया गया।

## रंग संसार

# एसएस राजामौली ने की प्रभास की फिल्म के टीजर की तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोस्ट अवेटेड और बिग बजट फिल्म प्रोजेक्ट के (वर्किंग टाइटल) को अब नया नाम मिल चुका है। प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म को ऑफिशियल टाइटल कल्कि 2898 एडी दिया गया है। इसका ऐलान एक टीजर के साथ किया गया है। इस टीजर ने हर फैन का दिल जीता है वहीं अब प्रभास को बाहुबली बनाने वाले फिल्म निर्देशक एसएस राजामौली ने भी फिल्म के टीजर की तारीफ की है, लेकिन उन्होंने तारीफ के साथ फिल्म को लेकर एक सवाल भी पूछा है।

### क्या बोले राजामौली

नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर नाग अश्विन द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर रिलीज के बाद से ही यूट्यूब पर नंबर 1 पर ट्रेंड कर रहा है। फिल्म के टीजर ने बॉलीवुड से लेकर साउथ हर जगह के लोगों को प्रभावित किया है। ऐसे में टीजर देखने के बाद एसएस राजामौली ने भी एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है, शानदार काम किया है नागी और वैजयंती मूवीज... भविष्य पर आधारित होने वाली ऑथेंटिक मूवीज बनाना काफी मुश्किल काम है और आप लोगों ने इसे कर दिखाया। डार्लिंग बेहद दमदार लग रहे हैं। सिर्फ एक सवाल है। रिलीज डेट?




### राजामौली के सवाल को फैंस का साथ

इस सवाल के सामने आने के बाद ऐसा लग रहा है, जैसे राजामौली ने वह सवाल कर दिया है जो हर फैन के दिल में था। इसलिए जैसे ही यह ट्वीट सामने आया उसके बाद लोगों ने इसे रीट्वीट करना शुरू कर दिया। सबका यही सवाल है कि आखिर यह फिल्म सिनेमाघरों में कब आएगी। लोग इसका जवाब जानने के लिए बेताब हैं।

### कैसी होगी फिल्म

फिल्म का टाइटल देखते हुए और अब तक फिल्म को लेकर जो जानकारी सामने आई है वह यह है कि यह फिल्म विष्णु भगवान के कलियुग कल्कि अवतार को लेकर एक काल्पनिक कहानी है। कल्कि 2898 एडी में प्रभास एक सुपरहीरो के तौर पर नजर आएंगे। जिसके साथ ही इस फिल्म को हिंदू मायथलॉजी की कथाओं से जोड़कर दिखाया जाएगा। अब तक फिल्म की रिलीज डेट का ऑफिशियल ऐलान अब तक नहीं किया गया है।

# भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे अक्षय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बालीवुड एक्टर अक्षय कुमार भगवान शिव के किरदार में नजर आएंगे। इन दिनों अक्षय और पकंज त्रिपाठी अपनी अपकमिंग फिल्म ओएमजी 2 को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह साल 2012 में आई फिल्म ओह माई गॉड का सीक्वल है। इससे पहले एक्टर को भगवान कृष्ण के अवतार में देखा गया था। फिल्म के टीजर के बाद मेकर्स के हाल ही में इसका पहला सॉन्ग ऊंची-ऊंची वादी रिलीज कर दिया है। हाल ही में अक्षय कुमार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर सॉन्ग शेयर किया है, जिसमें पकंज त्रिपाठी भोलेनाथ की अथाह भक्ति करते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं अक्षय के रूप में भगवान शिव भी अपने भक्तों के हर सुख-दुख में साथ रहते हैं। इस भक्तिमय गाने को हंसराज रघुवंशी ने अपनी आवाज दी है, जिसे सुनकर दर्शक भक्ति में लीन हो जाएंगे। अमित राय द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अक्षय और पंकज त्रिपाठी के अलावा यामी गौतम भी मुख्य किरदार में नजर आएंगी।

# आलिया भट्ट ने पैदा होते ही तय कर दिया था बेटी का भाग्य! बोलीं राहा करेगी ये काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस आलिया भट्ट को लोग बहुत पसंद करते हैं। एक्ट्रेस फिल्म मेकर्स की पहली पसंद बनी हुई हैं। वो अपने स्टाइल और एक्टिंग से फैंस का दिल जीतने में हमेशा कामयाब रहती हैं। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के प्रमोशन्स में जोर-शोर से लगी हुई हैं। इसी प्रमोशन इवेंट के दौरान आलिया भट्ट और उनके को-एक्टर रणवीर सिंह ने स्कूल और पढ़ाई की भी बात की।

### आलिया ने तय किया बेटी का गोल

इस दौरान आलिया भट्ट ने अपनी बेटी राहा को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, जब मैंने अपनी बेटी को ओर देखा तो तय कर लिया और कहा कि तू तो साइंटिस्ट बनेगी। आलिया भट्ट का ये वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही झट से वायरल हो गया। वायरल वीडियो को देखने के बाद फैंस भी मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, वो साइंटिस्ट का रोल जरूर निभाएगी। वहीं एक ने लिखा, बस रणबीर जैसी फेक न बने। एक ने तो हद कर दी और



लिखा, साइंटिस्ट बनने के लिए दिमाग होना जरूरी है, जो आता पेरेंट्स से है और तुम तो बिना ब्रेन वाली ब्यूटी हो तो बताओ कैसे होगा।

### रणवीर ने भी बताए थे अपने मार्क्स

इसी प्रमोशन के दौरान रणवीर ने भी अपने गणित के नंबरों को लेकर खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि उन्हें मैथ्स में जिरो से भी कम मार्क्स मिले थे। रणवीर ने बात करते हुए कहा, और कोई है जो 100 में से जीरो से भी कम नंबर लाया था? मैं लाया हूं, जिसको मिला था मैथ्स में अंडा, 100 में से जीरो और माइनस10 बात करने की वजह से, इसलिए मुझे सौ में माइनस10 नंबर मिले थे। ये बात उन्होंने हंसते-हंसते लोगों के बीच साझा की। वो ये बताते हुए काफी यादा कॉन्फीडेंट नजर आए।

### इस फिल्म में रणवीर सिंह करेंगे धमाल

बता दें, आलिया भट्ट जल्द ही अपकमिंग फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आएंगे। एक्ट्रेस के साथ फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। इस फिल्म में धर्मेंद्र और जया बचन भी नजर आने वाले हैं। फिल्म को करण जोहर डायरेक्ट कर रहे हैं। लंबे वक्त के बाद करण जोहर कोई फिल्म डायरेक्ट करते नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इसे पहले भी आलिया और रणवीर सिंह गली बॉय फिल्म में साथ नजर आ चुके हैं। लोगों को दोनों की जोड़ी काफी पसंद आई थी। बात करें, रणीवीर सिंह की तो वो आखिरी बार रोहित शेट्टी की फिल्म सर्कस में नजर आए थे। वहीं आलिया भट्ट मां बनने के बाद कमबैक कर रही हैं।

# अल्लू अर्जुन ने खुद लीक किया पुष्पा-2 द रूल का डायलॉग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साउथ फिल्मों के दमदार स्टार अल्लू अर्जुन के चाहने वालों की कमी नहीं है। एक्टर की तस्वीरें वीडियो सोशल मीडिया पर आते ही झट से वायरल हो जाते हैं। ऐसा ही एक बार फिर देखने को मिला, जब पुष्पा फेम एक्टर का एक वीडियो तेजी से वायरल हो गया। इस वीडियो में एक्टर खुद अपनी अपकमिंग फिल्म पुष्पा-2 द रूल का डायलॉग लीक करते नजर आए। आप भी इस बात को सुनने के बाद हैरान हो रहे होंगे? इसलिए ही हम आपके लिए इसका वीडियो भी लेकर आए हैं।

### इवेंट में अल्लू अर्जुन बने पुष्पा

दरअसल, अल्लू अर्जुन ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2 द रूल का डायलॉग जानबूझकर लीक नहीं किया। हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे थे, जहां उन्हें पुष्पा 2 द रूल के एक डायलॉग का खुलासा करते देखा गया। ऐसा उन्होंने अपने फैंस को खुश करने के लिए किया। अल्लू अर्जुन बेबी की एप्रिसिएशन मीटिंग में मौजूद थे, जिसमें आनंद देवरकोंडा, वैष्णवी चैतन्य और विराज अश्विन लीड रोल में है।

### इस वजह से बताया डायलॉग

पुष्पराज उर्फ अल्लू अर्जुन ने इवेंट में स्पीच दी और अपनी अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2 द रूल का एक डायलॉग बोला। दरअसल, आइकन स्टार से उनकी अपकमिंग फिल्म की एक छोटी सी झलक देने के लिए कहा गया था और अल्लू अर्जुन ने




फिल्म का डायलॉग बोलते हुए कहा, ईदंथा जारिगेदी ओकाते रूल मीडा जारुगुतानादादी, पुष्पा गाडी रूल। ये सुन इवेंट में मौजूद फैंस जोश में आ गए। निश्चित रूप से फैंस पुष्पा 2-द रूल में अल्लू अर्जुन को पुष्पराज के रूप में वापस एक्शन में देखने के लिए बेताब हैं।

### फैंस को है फिल्म का इंतजार

पुष्पा 2 द रूल तब से सुर्खियों में है, जब निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर पहला पोस्टर जारी किया था, जो छोटे शहरों से लेकर मेट्रो शहरों तक देश के लगभग हर क्षेत्र में पहुंचा। ये फिल्म सुकुमार द्वारा निर्देशित है। इसमें रश्मिका मंदाना और फहद फासिल भी हैं। फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा किया गया है और यह अगले साल रिलीज होगी।







# खेत में बाघ देख पेड़ पर चढ़ा किसान

## दहाड़ मारता रहा बाघ, बरही तहसील के कुठिया-मोहगवां में बाघ की दहशत

**कटनी/बरही, यशभार।** जिले के बरही तहसील क्षेत्र के ग्राम कुठिया-मोहगवां में इन दिनों बाघ की दस्तक से ग्रामीण दहशत में है। शनिवार की अलसुबह करीब 5 बजे किसान बाली काछी लोटा लेकर शौचक्रिया के लिए निकला थाए तभी उसकी नजर खेत मे बाघ पर पड़ी। बाघ को देखते ही वह दहशत में आ गया और अपनी जान बचाने के लिए पेड़ में चढ़ गया। बताया गया है कि 2 घंटे तक खेत मे ही बाघ दहाड़ लगाता रहा। पेड़ में चढ़े किसान ने चीखना शुरू किया, जिसके बाद ग्रामीण एकत्रित हुएए तब कही 2 घंटे बाद बाघ खेत छोड़ जंगल की ओर चला गया जिसके बाद पेड़ में चढ़े किसान बाली को नीचे उतारा गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से बाघ की दस्तक गांव में है। मामले की जानकारी वन विभाग को दी गई है, लेकिन वन विभाग कोई कार्यवाई नही कर रहा है, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल निर्मित है। बताया गया है कि पीड़ित किसान बाली काछी का खेत कुठिया-मोहगवां के परथुहार में है। खेत मे ही घर बनाकर वह परिवार के साथ रह रहा है। शनिवार की सुबह शौच किया जाने के दौरान बाघ खेत मे दहाड़ लगा रहा था।



### इनका कहना है

कुठिया-मोहगवां में बाघ का मूवमेंट है, वन विभाग की पेट्रोलिंग टीम सतत निगरानी कर रही है। बांधवगढ़ वफर जोन से क्षेत्र सटा होने के कारण बाघ की दस्तक बनी रहती है, ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के लिए कहा गया है, वस्ती के बाहर जहां खेत है वहां लंकाना की झाड़ियां है, ग्रामीणों को सतर्कता बरतने व सावधान रहने की अपील की जा रही है।

– **डॉ. गौरव सक्सेना,** रेंजर बरही,बड़वारा वन क्षेत्र

# पौने 11 करोड़ के स्क्रैप घोटाले में कई निर्माणी अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध

**कटनी, यशभारत।** आयुध निर्माणी कटनी में हुए पौने 11 करोड़ रूपए के स्क्रैप घोटाले में निर्माणी के कई अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका सवालों में घिर गई है। इस मामले के बाहर आने के बाद पुलिस के साथ ही कई केन्द्रीय जांच ऐजेंसियां भी सक्रिय हो गई हैं। सूत्रों की माने तो केन्द्रीय जांच ऐजेंसियों ने निर्माणी के कई संदिग्ध व मामले से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के फोन भी रिकार्ड करना शुरू कर दिए हैं। वहीं इस बात की भनक लगने के बाद कई अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने मोबाइल का नंबर बदल लिया है और नई सिम खरीद ली है। बहरहाल जिले के एक मात्र सुरक्षा संस्थान में हुए इस पौने 11 करोड़ रूपए के स्क्रैप घोटाले के बाद रक्षा मंत्रालय भी चौकन्ना हो गया है और मामले की हर एंगल से जांच कर रहा है। ऊधर पुलिस भी मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गौरतलब है कि आयुध निर्माणी कटनी से आरसीआइ इंडस्ट्रीज एवं टैक्नोलॉजी लिमिटेड आइटीएल कंपनी दिल्ली के संचालक राजीव गुप्ता दिल्ली, राजमणि वर्मा, अंशुमन उप्पल दोनों निवासी सोलान हिमांचल ने टेंडर डाला और मेटल स्क्रैप लेकर स्ट्रीम काई सप्लाई करने का अनुबंध किया था। कंपनी ने ओएफके से एक लाख 40 हजार 600 किलोग्राम गिल्डिंग मैटल स्क्रैप लिया। इसके बदले 74 हजार किलोग्राम वापस कर दिया। 66 हजार 595 किलोग्राम स्ट्रीम काई जिसकी कीमत 10 करोड़ 72 लाख 66 हजार 895 रुपए हैए वहीं नहीं लौटाई। एलॉय गिल्डिंग मैटल 90 प्रतिशत कॉपर व 10 प्रतिशत जिंक रहता है। इससे ओफके में कारतूस के कप बनते हैं वह काम प्रभावित हुआ। इस मामले में जब कंपनी ने माल सप्लाई करना बंद कर दिया और रुपए भी नहीं लौटाए तो ओएफके द्वारा माधवनगर थाने में एफआइआर दर्ज कराई है।

# बीना रेलखंड की कई ट्रेनें एक सप्ताह के लिए रद्द

### बांदकपुर में नान इंटरलॉकिंग कार्य के चलते रेलवे का निर्णय, यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

**कटनी, यशभारत।** बीना-कटनी रेलखंड पर बांदकपुर रेलवे स्टेशन में रेलवे द्वारा किए जाने वाले नान इंटरलॉकिंग कार्य के चलते इस रेलखंड पर चलने वाली यात्री ट्रेनों पर असर पड़ेगा। रेलवे ने मुड़वारा रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। बीना-कटनी-बीना मेमू व भोपाल-इटारसी विंध्यांचल एक्सप्रेस आज से करीब एक सप्ताह से अधिक समय तक निरस्त होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पैसेंजर व लोकल ट्रेनें होने के कारण बड़ी संख्या में यात्री सफर करते है। कटनी मुड़वारा स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे ने बताया कि कटनी से बीना रेलखंड मार्ग मे तीसरी रेल लाइन के कार्य के चलते दमोह के निकट बांदकपुर रेलवे स्टेशन पर इंटरलॉकिंग का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के कारण तीन जोड़ी ट्रेनों को निरस्त किया गया है तो वहीं एक जोड़ी ट्रेन का बांदकपुर स्टेशन पर स्टॉपेज बंद किया गया है। उल्लेखनीय है कि कटनी से बीना के रेल खंड में तीसरी रेल लाइन बिछाने का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इस रेल लाइन के चालू हो जाने से इस रेलखंड में यात्री गाड़ियों सहित माल गाड़ियों के संचालन में सुविधा मिलेगी तथा ट्रेनों की रफ्तार में भी वृद्धि संभावित है इसी कार्य के चलते रेल प्रशासन ने इंटरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है।



### ये ट्रेनें होंगी प्रभावित

-गाड़ी संख्या 06603/06604 बीना-कटनी-बीना मेमू ट्रेन 22 से 29 जुलाई तक निरस्त।

-गाड़ी संख्या 11272 भोपाल-इटारसी विंध्याचंल एक्सप्रेस 22 से 29 जुलाई तक निरस्त।

-गाड़ी संख्या 11271 इटारसी-भोपाल विंध्याचंल एक्सप्रेस व गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल पैसेंजर 22 से 28 जुलाई तक निरस्त।

-गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर पैसेंजर 24 से 30 जुलाई तक निरस्त।

-गाड़ी संख्या 22181/22182 गोंडवाना एक्सप्रेस का 27 से 29 जुलाई तक बांदकपुर रेलवे स्टेशन में नहीं होगा स्टॉपेज।

# किशोरी का अपहरण व सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को आजीवन कारावास

### कैमोर की घटना में विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने सुनाया फैसला

**कटनी, यशभारत।** एक किशोरी का अपहरण के बाद गैंगरेप करने वाले दो दरिंदों को न्यायालय ने सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि थाना कैमोर के अपराध में आरोपी ग्राम धवैया निवासी बड्डे उर्फ गोपालदास बर्मन, गुल्ली उर्फ अजमेर सिंह गोंड, राजू उर्फ विजय प्रताप सिंह एवं रोशनी सिंह पति राजू उर्फ विजय प्रताप सिंह द्वारा नाबालिग बालिका का अपहरण कर मारपीट करने व गैंगरेप करने के आरोप में दोषी पाते हुए विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट ने फैसला सुनाया है। महिला इसमें अपराधियों के साथ थी। निर्णय में आरोपी गुल्ली उर्फ अजमेर सिंह को धारा 376डी में 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं तीन हजार रुपए का अर्थदंड, धारा 363, 366, 366ए में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपए का अर्थदंड, आरोपी राजू उर्फ विजय प्रताप सिंह को धारा 376( 1 ) में 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 3 हजार रुपए के अर्थदंड एवं धारा 368, 323 में क्रमशः 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड एवं आरोपिया रोशनी सिंह को धारा 323 में एक हजार रुपए के अर्थदंश से दंडित किया है। न्यायालय ने 9 दिसंबर 2021 को पारित निर्णय में आरोपी बड्डे उर्फ गोपालदास बर्मन को दोषसिद्ध किया गया था। जानकारी के अनुसार 16 वर्ष 11 माह की किशोरी का 21 जून 2019 को रात 11 जब वह अपने घर में छोटी बहन के साथ सोई थी पिता दुकान पर थे, मां शादी में गई थी। रात्रि में 11 बजे जब वह निस्तार के लिए बाहर गई तब आरोपी बड्डे उर्फ गोपालदास और सह आरोपी गुल्ली उर्फ अजमेर सिंह मोटरसायकल से आए और कटनी ले जाते समय विजयराघवगढ़ के जंगल में बड्डे उर्फगोपालदास बर्मन ने बलात्कार किया। किशोरी को बाइक से कटनी रेल्वे स्टेशन लेकर आये और 22 जून 2019 को अपहरण कर पुणे ले गए। आरोपी राजू ठाकुर के घर में 24 जून को छोड़ दिए और वापस अपने गांव आ गए। आरोपी राजू ठाकुर ने भी पूना में किशोरी के साथ बलात्कार किया।

## छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**कटनी ,यशभारत।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण कटनी के सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछडा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 के पिछड़ा वर्ग के नवीन तथा नवीनीकरण छात्र एवं छात्राओं के लिए एम.पी.टास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन छात्रवृत्ति आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है।

जीवन को समरस, सुसम्पन एवं सुसंस्कृत बनाने हेतु समर्पित विद्याभारती की वैचारिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का संस्थान विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से मार्गदर्शित सरस्वती शिक्षा परिषद से संबंद्ध
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त)
आई.एस.ओ. 9001- 2008 प्रमाणित
अटल टिंकरिंग लेब, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर प्रयोगशाला
स्पोकन इंग्लिश क्लासेस की पृथक व्यवस्था
सरस्वती शिशु मंदिर / उच्च. माध्य. विद्यालय कटनी
नई बस्ती कटनी (म.प्र.)
कक्षा अरूण से द्वादश तक
दूरभाष -07622- 409413, 409975
धन्य कुमार गांधी अध्यक्ष | चंद्र प्रकाश बरसैंया व्यवस्थापक | पुरूषोत्तम माली प्राचार्य

आवश्यकता है
टेली/बिजी सॉफ्टवेयर में डाटा फीडिंग करने हेतु पुरूष/महिला की आवश्यकता है।
वेतनमान 10,000/-
संपर्क मो. 9425465227

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

डॉ. निशा श्रीवास्तव
एमबीबीएस एमएस ईएंटी गोल्ड मेडलिस्ट
Fellowship in Skull Base Surgery; Ex surgeon AIIMS; Specialist in microscopic Ear, Head-Neck and Endoscopic sinus surgery (FESS) नाक कान एवं गला विशेषज्ञ
नाक, कान, मुंह एवं गले व थायरॉइड का ऑपरेशन व इलाज
इन लक्षण दिखने पर करें संपर्क:- कान से पानी बहना, नाक ब्लॉक, एलर्जी, आवाज में बदलाव, सिर में दर्द खर्राटे, टांसिल कानों में सीटी बजना, चक्कर आना गले व चेहरे में किसी प्रकार की गठान, थायराइड की जांच व उपचार हकलाना तुतलाना मुंह में छाले, मुंह कम खुलना व अन्य गले का कैंसर नाक कान व गले से संबंधित बीमारी के स्पेशलिष्ट प्रख्यात डॉक्टर
पता:- आरोग्य डेंटल के सामने वाणी डायग्नोस्टिक के बाजू में ओम शांति हॉस्पिटल के पास आदर्श कॉलोनी कटनी (म.प्र.) Mob:9431777003, Email:-nisha.drent@gmail.com

NOBLE HEART PUBLIC ENGISH MED. HIGHER SEC. SCHOOL
NURSERY, KG-I, KG-II TO 12TH CLASS
ADMISSION OPEN
10TH CLASS TOPPER 96% | 12TH CLASS TOPPER 92%
कटनी जिले की मैरिट में तृतीय स्थान
VASHISHSTH GURU | ANUSHKA DWIVEDI
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI Mob. 7869484013, 7389678892

E.M.H.S. School
सावित्री विद्यापीठ
अंग्रेजी माध्यम, हायर सेकेण्डरी स्कूल, नर्सरी से कक्षा 12वीं तक
21 वर्षों का विद्यालय संचालन अनुभव
जल्दी कीजिये सीमित आवेदन
Website: www.savitrividyapeeth.com
Instagram: svpschoolkatni
facebook - savitrividyapeeth
आवश्यकता है
PTI खेल प्रशिक्षक संगीत शिक्षक व एकाउंट्स टीचर
पन्ना तिराहा कुठला, कटनी Mo. 9753272015, 8770603379

SYNA INTERNATIONAL SCHOOL, KATNI (M.P.)
APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE POST OF PRT, TGT, PGT'S FROM SUITABLE CANDIDATES WITH EXCELLENT COMMUNICATION SKILLS & AT LEAST 3 YEARS OF EXPERIENCE FOR A REPUTED CBSE CO-EDUCATION BOARDING CUM DAY SCHOOL IN KATNI (M.P.)
We are HIRING
1. PRT - English : Graduate / Post Graduate in English with B.Ed. or NTT,
PRT - Hindi : Graduate / Post Graduate in Hindi with B.Ed. or NTT,
PRT - Math : Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed. or NTT
2. TGT - Math : Graduate / Post Graduate with Math as one of the subjects & B.Ed.,
TGT - Social Science: Graduate / Post Graduate with Geography as one of the subjects & B.Ed.
TGT - Hindi: Graduate / Post Graduate with Hindi as one of the subjects & B.Ed.
3. PGT - Maths: Post Graduate and B.Ed., PGT - Physics: Post Graduate & B.Ed.,
PGT - Chemistry: Post Graduate & B.Ed., PGT - Accountancy: Post Graduate & B.Ed.
BAND MASTER, CLASSICAL & WESTERN MUSIC (INSTRUMENTAL)
COMPUTER MAINTENANCE & SYSTEM ADMINISTRATOR
THE SCHOOL SHALL OFFER AN ATTRACTIVE PAY PACKAGE & OTHER PERKS INCLUDING :
Free Accommodation, Free Meals During Term Time,
Medical Insurance, Personal Accident Policy,
Exemption of fee to the wards of teaching staff,
PF as per government rules,
Higher start for deserving candidates
Interested candidates can share their resumes with expected salary & notice period on :
ppl@synainternational.edu.in | whatsapp at +91 99775 83555

माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से संबद्ध 9893499886
Discount @40%
ICMT COMPUTER INSTITUTE
DCA PGDCA | TALLY CPCT | COMPUTER HARDWARE COURSE | SPOKEN ENGLISH Competition Coaching
रामेश्वरम कैंपस विश्राम बाबा के पास दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने जबलपुर रोड कटनी

अच्छी शिक्षा अच्छे जीवन की आधारशिला
विगत 27 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अंग्रेजी/हिन्दी मा. का सफल संचालन
कक्षा 10वीं/12वीं के सफलतम रिजल्ट के साथ प्रवेश प्रारंभ
विज्ञान/कला/कामर्स/कम्प्यूटर साइंस
कटनी पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल
पता- आधारकाप, केडीसी के पास जगमोहनदास वार्ड नई बस्ती, कटनी मो. 8989979488 (whatsup) 7000697892,
E-mail - kphsskatni@gmail.com
लक्ष्मीकान्त भारद्वाज

शिकागो पब्लिक स्कूल
इंग्लिश मीडियम नर्सरी से बारहवीं तक सभी विषय आर्ट्स, कॉमर्स व साइंस
आपके बच्चे एवं आपके स्वर्णिम भविष्य की आधारशिला
शाला के सफलतम 25 वर्ष
भूलना भूल जाओगे
मेमोरी साइंस इंडिया की मेमोरी क्लासेज शाला के बच्चों को निःशुल्क
प्रवेश प्रारंभ
स्कूल की पढ़ाई कैसी हो , एक शिक्षक से बेहतर कोई नही जानता
पता:- मानसरोवर कॉलोनी माधवनगर कटनी मो. 9229119885

अपने बच्चों का भविष्य स्वयं सुधारिये.....
Join the BEST
in EDUCATION in ATMOSPHERE in DISCIPLINE | in GAMES & Overall
KIRAN NATIONAL PUBLIC SCHOOL
किरण नेशनल पब्लिक स्कूल
NURSERY, KG-I, KG-II, CLASS 1st TO 8th ENGLISH MEDIUM
मोहन नगर दुर्गा मंदिर के पास, कैलवारा रोड , कटनी (म.प्र.) मो. 9977500636

JAIN GROUP OF INSTITUTIONS
2023 Session Start
SCHOOL ADMISSION New open for Entry
Approved by M.P. Board of Sec. Education to MPBSE Bhopal Affiliation Code- 744124
JAIN NURSERY
ENGLISH MEDIUM HIGHER SEC.SCHOOL
Class Nursery, KG-1, KG-2, to Class 12th
ART SCIENCE COMMERCE
MATHS & BIO GROUP
SMART FEATURES
- Smart Classes & Library - SMS Service to parents
- Surveillance Cameras in all class Room
- Computer & Science Labs
- Excellent Teachers with Good Communication Skills
प्रकाश जैन | वर्षा जैन, प्राचार्य
Shiv Nagar, Balaji Nagar, Nadipar,katni (m.p.)
Mo. 7999291401, E-Mail -jainnurseryschool@gmail.com

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना | डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

naturals
India's No.1 hair and beauty salon
OPEN NOW
@ CITY MALL
@ City Mall Katni, 2nd Floor,Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501
Mobile : 9343609476

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स, जबलपुर से मुद्रित एवं प्लाट नं. 1 योजना क्रं.6 नगर सुधार नियास कॉलोनी महराणा प्रताप वार्ड, कटनी से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी *, संपादक अम्बरीष तिवारी, सलाहकार संपादक श्याम कटारे। फोन ( 07622 ) 230033, डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )